हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, बुधवार, 14 मई, 2025

9 12वीं और 10वीं के परीक्षा परिणाम में सूरज स्कूल...



10 मुख्यमंत्री महेंद्रगढ़ में 18 को करेंगे रैली, कई सौगात...



# सफाई कर्मचारियों को इस बार नहीं मिले गेहूं खरीदने के लिए 25 हजार, पैसा जारी करने की है 15 मई अंतिम तारीख

*डीएमसी का पद रिक्त होने से चेक पर नहीं हो रहे साइन, कर्मचारियों ने दी हड़ताल बढ़ाने की चेतावनी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

रबी सीजन के दौरान प्रदेश सरकार सालभर का अनाज यानि गेहूं खरीदने के लिए पालिकाओं के सफाई कर्मचारियों को 25 हजार रुपये बिना ब्याज के देती रही है, लेकिन इस बार नारनौल समेत जिले की पांचों पालिकाओं के सफाई कर्मचारी इस अनुदान राशि से वंचित हैं और वह सालभर का खाने का अनाज खरीदने में असमर्थ हो गए हैं। इसका मूल कारण जिले में जिला नगर आयुक्त (डीएमसी) आनंद शर्मा का ट्रांसफर होने के चलते यह पद रिक्त होना है। डीएमसी पद रिक्त होने से अनुदान अमाउंट के चेक पर साइन करने की किसी अन्य अधिकारी को पॉवर नहीं है। जबकि इस 25 हजार रुपये की अनुदान राशि जारी करने की अंतिम तिथि 15 मई है। यदि इस तारीख तक डीएमसी के साइन होकर यह राशि सफाई कर्मचारियों को जारी नहीं की गई तो वह सालभर का गेहूं खरीदने में असमर्थ रहेंगे और फिर उन्हें सालभर अनाज के जूझना पड़ेगा। इस स्थिति के विरोध में नगर पालिका कर्मचारी संघ के बैनर तले नारनौल नगर परिषद के सफाई कर्मचारियों ने काम छोड़ हड़ताल की तथा काले झंडे लेकर शहर में विरोध प्रदर्शन किया और प्रशासन एवं प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।




नारनौल। काले झंडे लेकर शहर में प्रदर्शन करते सफाई कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

इस मौके पर नगर परिषद परिसर में आयोजित धरने का संबोधित करते हुए जिला प्रधान राहुल सारवान ने कहा कि सरकार सफाई कर्मचारियों को हर साल आर्थिक सहायता के तौर पर बिना ब्याज की लगभग 25 हजार रुपये की राशि प्रदान करती है। इस राशि को हम कर्मचारी लगभग दस किस्तों में सरकार को अदा कर देते हैं और इससे सालभर के परिवार के अन्न का इंतजाम हो जाता है। गेहूं खरीद का यह पैसा 25000 रुपये हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी दिया जाने थे, लेकिन नगर प्रशासन ने अपना तानाशाही रवैया अपनाते हुए जिला के सभी नगर पालिकाओं ने यह पैसा देने से साफ मना कर दिया। इस कारण नगर पालिका कर्मचारी संघ नारनौल ने हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया है, लेकिन कमाल की बात है कि प्रशासन की ओर से एकबार भी कोई अधिकारी बातचीत करने को आगे नहीं आया और न ही इसका समाधान किया। नगर प्रशासन नारनौल ने अपना तानाशाही रवैया अपनाया हुआ है, जिससे नाराज कर्मचारी आंदोलन करने तथा काम छोड़ने को मजबूर हुए हैं। यदि जरूरत पड़ी तो इस मनमानी के विरुद्ध हड़ताल को आगे भी बढ़ाया जाएगा।

**यह रहे उपस्थित**

इस प्रदर्शन की अध्यक्षता इकाई प्रधान सुरेश कुमार जैदिया ने की। जैदिया के अलावा सर्व कर्मचारी संघ के राज्य सचिव महेंद्र बोयत, राज्य कैशियर महेंद्र सिंह संगेलिया, जिला प्रधान राहुल सारवान, इकाई सचिव महावीर प्रसाद, भूपेंद्र सिंह दरोगा, राकेश कुमार, गिरवर दरोगा, देवानंद, विक्रम सिंह, लक्खन सिंह, भीमसिंह, निरंजन लाल, मनोज, आशु, राजेश, सुरेश कुमार, नीरज कुमार, सुरेंद्र कुमार, जसवंत सिंह, रवि, संतलाल, बबली देवी, मीनू देवी, सुनीता देवी, मनोज देवी, सरिता देवी, ऊषा देवी, ममता, सुनीता, चांदनी, मंजू रानी, रजनी, अनीता, सविता, पूनम, मंजू, सोनिया, नीतू व बबीता आदि मौजूद रहे।

**खबर संक्षेप**

## सीआईए ने अवैध हथियार के साथ एक को काबू किया

**नारनौल।** सीआईए पुलिस ने थाना सदर क्षेत्र से अवैध हथियार रखने के मामले में गुप्त सूचना के आधार पर एक आरोपित महेश वासी बाछोद को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपित से पुलिस ने एक अवैध देसी कट्टा व दो जिन्दा कारतूस बरामद किए हैं। आरोपित के खिलाफ थाना सदर में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। आरोपित से पूछताछ कर न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

## बेगपुर में किसान के खेत से 250 फिट केबल चोरी

**मंडी अटेली।** अटेली क्षेत्र के गांव बेगपुर में एक किसान के खेत से 250 फिट केबल अज्ञात चोर चुराकर ले गए। पीड़ित किसान ने जिसकी शिकायत पुलिस को दी है। पुलिस में दर्ज शिकायत में बेगपुर निवासी मुरारीलाल ने बताया कि गत तीन मई को वह उसके कुएं पर गया तो उसने देखा कि कुएं की 250 फुट केबल कटी हुई है। उस केबल को अज्ञात चोर चुरा कर ले गए हैं। किसान की शिकायत पर केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## घर में घुसकर मारपीट करने पर मामला दर्ज

**मंडी अटेली।** अटेली क्षेत्र के एक गांव में घर में घुसकर मारपीट करने वालों पर पुलिस ने आधा दर्जन से ज्यादा सात नामजद पर मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार पुलिस में दर्ज शिकायत में भीलवाड़ा निवासी महिला ने बताया कि सुनीता देवी देवी ने बताया कि गत पांच मई को दोपहर एक बजे के करीब वह उसके पति जिले सिंह व उसका बेटा सचिन तथा उसकी ननद संतरा और चन्द्रकला के घर पर बैठे थे। उसके घर के साथ उसका प्लाट है, जिसकी चारदीवारी कर गेट लगा हुआ है, जिसमें वह उसके पशुओं को बांधती है।

## पत्नी से मारपीट कर घायल करने पर केस

**कनीना।** सिटी थाना अंतर्गत एक महिला से रुपये मांगने व नहीं देने पर मारपीट करने के आरोप में पुलिस ने पति के खिलाफ केस दर्ज किया है। इस बारे में पीड़ित महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके दो पुत्र हैं। उसके पति पवन ने उससे दो लाख रुपये की मांग की तथा नहीं देने पर मारपीट करते हुए उसे कमरे में बंद कर दिया। रातभर कमरे में रहने के बाद अगले दिन दरवाजा खोला, तो वह फोन कर बच्चों को लेकर अपने भाई के पास गई। उसकी मां वहां आई तो मकान का दरवाजा बंद था। पुलिस ने उसको उप नागरिक अस्पताल में दाखिल कराया।

## सैनी सभा के पूर्व प्रधान के पिता का निधन

**नारनौल।** सैनी सभा के पूर्व प्रधान प्रेमचंद सैनी भगत के पिता रामकिशन भगत का निधन हो गया है। वे करीब 93 साल के थे तथा पिछले कुछ समय से बीमार थे। उनका अंतिम संस्कार मंगलवार शाम चार बजे स्टेडियम के पास स्थित स्वर्ग आश्रम शमशान घाट में किया गया। स्व. रामकिशन भगत अपने पीछे एक भरा पूरा परिवार छोड़ गए है। उनके निधन पर सैनी समाज व अनेक लोगों ने शोक व्यक्त किया।

## सिहमा में 11 धूनी अग्नि तपस्या आज से शुरू

**मंडी अटेली।** जोतराम धाम सिहमा के संजय भगत जन कल्याण के लिए 14 मई से अपने धाम ग्यारह धूनी अग्नि तपस्या की शुरुआत करेंगे। भीषण गर्मी में भगत अपने चारों ओर ग्यारह धूने जलाकर दोपहर 12 बजे से दोपहर 2.15 बजे तक रोजाना तपस्या करेंगे। यह ग्यारह धूनी तपस्या लगातार 21 दिन की जाएगी। संजय भगत ने बताया कि ग्यारह धूनी अग्नि तपस्या वह पहली बार कर रहे हैं।

### सीनियर सेकेण्डरी नियमित व मुक्त विद्यालय परीक्षा का परिणाम घोषित

# 87.33 फीसदी रहा 12वीं का परीक्षा परिणाम नंबर वन से सीधे 15वें पायदान पर जिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

- बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर परीक्षा परिणाम

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी की ओर से संचालित करवाई गई सीनियर सैकेण्डरी वार्षिक परीक्षा-2025 का परिणाम मंगलवार सुबह घोषित कर दिया गया। परिणाम चौकाने वाला है। पिछली दफा साल 2024 में 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम में हरियाणा में महेंद्रगढ़ जिला पहले पायदान पर रहा था। उस वक्त 92.99 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए थे। इस बार निराशा हाथ लगी है। साल 2025 में जिला में 87.33 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए है। यह परिणाम जिला को प्रदेश में 15वें पायदान पर लेकर गया है। परीक्षार्थी अपना परीक्षा परिणाम बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट www.bseh.org.in पर देख सकते हैं।

जानकारी के मुताबिक जिला में सीनियर सकेंडरी 116 स्कूल है। साल 2024 में जिला से 7428 विद्यार्थियों ने 12वीं की परीक्षा दी थी। यह परिणाम 30 अप्रैल 2024 को घोषित हुआ। जिसमें सामने आया कि 7428 में से 6907 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए। वहीं 943 की कंपार्टमेंट और 78 विद्यार्थी फेल हुए थे। इस तरह 92.99 प्रतिशत परीक्षा परिणाम आने से जिला पूरे हरियाणा में प्रथम पायदान पर रहा था। इसके बाद इस एक साल में जिला का परीक्षा परिणाम नंबर वन से सीधे 15वें पायदान पर आ गया है। इस बार यह परीक्षा 27 फरवरी से दो अप्रैल के बीच परीक्षा हुई। इसमें 7128 ने परीक्षा दी। परिणाम घोषित हुआ तो सामने आया कि 7128 में से 6225 परीक्षार्थी पास हुए है। वहीं 686 कंपार्टमेंट और 217 फेल हुए है। इस तरह 87.33 प्रतिशत परीक्षा परिणाम रहा है।आपको बताते चले कि साल 2020 में जो परीक्षा परिणाम सामने आया था। उसमें सरकारी स्कूल सिहमा की छात्रा मनीषा ने 500 में से 499 अंक हासिल कर पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल किया था। उस वक्त जिला का पास प्रतिशत 74.65 रहा था। बाद में साल 2022 में 88.70 प्रतिशत के साथ जिला प्रदेश में सातवें स्थान पर रहा। साल 2023 में जिला से 88 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए।



खुशी मनाते विद्यार्थी

**इन बातों का रखें ध्यान**

परिणाम आज सायं से संबंधित विद्यालयों/संस्थाओं द्वारा बोर्ड की वेबसाइट पर जाकर अपनी यूजर आईडी व पासवर्ड द्वारा लॉगिन करते हुए डाऊनलोड भी किया जा सकेगा। कोई विद्यालय अगर समय पर परिणाम प्राप्त नहीं करता है तो इसके लिए वह स्वयं जिम्मेवार होगा। स्वयंपाठी परीक्षार्थी अपना अनुक्रमांक अथवा नाम, पिता का नाम, माता का नाम व जन्म तिथि भरते हुए परीक्षा परिणाम देख सकते हैं। विद्यालयी परीक्षार्थी भी अपना परिणाम अनुक्रमांक व जन्म तिथि भरते हुए देख सकते हैं। किसी भी प्रकार की तकनीकी खराबी त्रुटि के लिए बोर्ड कार्यालय जिम्मेवार नहीं होगा। इन परीक्षा परिणामों के आधार पर जो परीक्षार्थी अपनी उत्तरपुस्तिकाओं की पुनः जांच अथवा पुनर्मूल्यांकन करवाना चाहते हैं तो वे निर्धारित शुल्क सहित परिणाम घोषित होने की तिथि से 20 दिन तक ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं।


# गुजरात हाईकोर्ट के वकील के मकान में चोरी, केस दर्ज

- चोर डीवीआर बाक्स, एलईडी और लैपटॉप डैमेज कर गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

शहरी क्षेत्र में चोरों ने गुजरात हाईकोर्ट के एक वकील के घर से लाखों रुपये की चोरी कर ली। चोर न केवल सोने चांदी का सामान चुरा ले गए, बल्कि घर में रखे उपकरण जैसे एलईडी, लैपटाप व सीसीटीवी कैमरे के डीवीआर तक तोड़ गए। इस बारे में पीड़ति वकील ने पुलिस में शिकायत की है। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दी गई शिकायत में शहरी क्षेत्र गांव पटीकरा के बीपीएल कालोनी में रहने वाले वकील कमल चौधरी ने बताया कि वह गुजरात हाईकोर्ट में प्रेक्टिस करता है। गांधी नगर कोर्ट में वह बैठता है। वह कुछ दिन से काम के सिलसिले में नारनौल आया हुआ था। उसने अपने साथ अपना लैपटॉप व अन्य सामान लिया हुआ था। बीते कल वह दिन में किसी काम से घर के ताला लगाकर नारनौल आया था। शाम को जब वह घर वापस गया तो उसको मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ मिला तथा अंदर से कुंडी लगी हुई थी। उसने जब अंदर जाकर देखा तो सारा सामान बिखरा हुआ था। बरामदे में रखे संदुक व अंदर वाले कमरे में रखी अलमारी से करीब पांच तोला सोने के जेवरात व लगभग एक किलो चांदी के जेवरात अज्ञात व्यक्ति चुरा कर ले गया। वहीं चोर डीवीआर बाक्स, एलईडी व लैपटॉप डैमेज कर गया। जिसके कारण उसको लाखों रुपये का नुकसान हुआ है।



नारनौल। वारदात के बाद बिखरा सामान। फोटो : हरिभूमि

# जिला लोक संपर्क व जन परिवेदना समिति की मासिक बैठक 16 को

**नारनौल।** सहकारिता मंत्री अरविंद कुमार शर्मा 16 मई को पंचायत भवन में सुबह 11:30 बजे जिला लोक संपर्क एवं जन परिवेदना समिति की मासिक बैठक लेंगे। इसमें पहले से निर्धारित 13 मामले सुनवाई के लिए रखे जाएंगे। जिनका संबंधित विभाग के अधिकारियों की ओर से समाधान किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने बताया कि कार्यकारी अभियंता लोक निर्माण विभाग भवन एवं सड़क के दो, दक्षिणी हरियाणा बिजली वितरण निगम के चार, अधीक्षक अभियंता नहर एवं जल सेवाएं विभाग का एक, पुलिस अधीक्षक के दो, जिला राजस्व अधिकारी नारनौल, नायब तहसीलदार महेंद्रगढ़ का एक, कार्यकारी अभियंता जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग नारनौल का एक, सहायक श्रम आयुक्त रेवाड़ी का एक व उप निदेशक कृषि एवं किसान कल्याण विभाग का एक मामला सुनवाई के लिए रखा जाएगा।

**सुनवाई के लिए रखा जाएगा मामला**

उन्होंने बताया कि गांव बचिनी का सरपंच ग्राम पंचायत, देवास का मुख्तार, करीरा का मानसिंह, गांव भगड़ाना की सरपंच व ग्राम पंचायत, खटोटी का मोतीलाल, मोड़ी का ओमप्रकाश, छितरोली की शर्मिला, फ्रैंड्स कॉलोनी महेंद्रगढ़ का सुभाष गुप्ता, मोहल्ला मिश्रवाड़ा नारनौल का रोहतास कुमार व अन्य, मोहल्ला कोलियान वार्ड नंबर 15 नारनौल का रामबिलास यादव, उनिंदा का बलवान सिंह, निजामपुर का मुकेश कुमार, गांव सागरपुर का अनिल कुमार का मामला सुनवाई के लिए रखा जाएगा।

# डीटीपी की कार्रवाई पर वकील ने उठाए सवाल, इकनॉमिक सेल करेगी जांच

- एडवोकेट कुलदीप भरगड़ के नांगल चौधरी में कार्यालय को डीटीपी ने अवैध करार कर चलाया था पीला पंजा

**नारनौल।** डीटीपी गुंजन वर्मा पर नांगल चौधरी में कुलदीप सिंह भरगड़ एडवोकेट के कार्यालय पर बिना किसी नोटिस के और बिना सूचना किए तोड़–फोड़ करने का आरोप लगाया है। एडवोकेट ने डीटीपी के विरुद्ध राजनीतिक दबाव और षड्यंत्र के तहत बिना नोटिस के राजनीतिक दबाव के कारण पद का दुरुपयोग करते हुए कार्रवाई करने के विरुद्ध नांगल चौधरी थाना एसएचओ को शिकायत दी थीं। उसके बाद एसपी से मिलकर मुकदमा दर्ज करवाने की मांग की थी। जिसकी जांच एसपी ने इकनॉमिक सेल से करवाने के आदेश जारी किए हैं। एडवोकेट कुलदीप सिंह भरगड़ ने 12 मई को समाधान शिविर में डीसी को शिकायत दी। आरोप लगाया कि डीटीपी गुंजन वर्मा की ओर से की गई तोड़फोड़ की कार्रवाई को बड़े भू–माफियाओं और बड़े प्रॉपर्टी डीलरों से मिलकर लोगों को गैर कानूनी रूप से नुकसान पहुंचा रही हैं, के विरुद्ध जांच कर उन्हें बर्खास्त करने की मांग की है। उनकी दरखास्त पर डीसी ने जांच एसडीएम को सौंप दी। इसी कड़ी में कुलदीप भरगड़ के पिता के द्वारा सिविल कोर्ट में दायर मुकदमें में अदालत अनुराग यादव सिविल जज नारनौल ने डीटीपी कार्यालय के विरुद्ध स्टेस को के आदेश फरमाएं हैं।



नारनौल। वकील का तोड़ा गया कार्यालय।

**कुलदीप बोले**

कुलदीप भरगड़ एडवोकेट ने बताया है कि कुछ अधिकारी जिले में राजनेताओं के प्रभाव में अपने पद का दुरुपयोग करते हैं और गलत सही देखे बिना दबाव में आम–जन को नुकसान पहुंचाते हैं, वे सदैव ऐसे अधिकारियों और नेताओं के विरुद्ध आवाज उठाते रहे है और जब तक ऐसे लोग जिले से बाहर का रास्ता ना दिख ले, मजबूती से आवाज उठाते रहेंगे।

## प्रशासनिक दस्ते ने गांवों में हटाए कब्जे

**कनीना।** विकास खंड के दो गांवों में प्रशासनिक दस्ते ने पंचायती भूमि पर बने अवैध कब्जों को हटाया। ड्यूटी मेजिस्टेट बीडीपीओ नवदीप कुमार के नेतृत्व में राजस्व विभाग के अधिकारियों व पुलिस फोर्स की उपस्थिति में भड़फ व धनौंदा में अवैध कब्जे हटाए। भड़फ गांव की गोचर भूमि तथा धनौंदा में केमला रास्ते पर ग्रामीणों की ओर से अवैध कब्जा किया हुआ था। इस बारे में सक्षम न्यायालय की ओर अवैध कब्जे हटाने को लेकर फैसला दिया गया था। इसके बाद बीडीपीओ की ओर पुलिस सहायता उपलब्ध कराने के लिए पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखा गया था। सोमवार को बुद्धपूर्णिमा के अवकाश के चलते यह कार्रवाई नहीं हो सकी थी। मंगलवार को प्रशासनिक दस्ते ने कब्जा कार्रवाई की।

**कार्रवाई** नांगल चौधरी व गांवों में करीब 90 शिक्षण संस्थाएं संचालित

# बीइओ ने औचक छापेमारी करके स्कूलों का खंगाला रिकार्ड विद्यालय संचालक नहीं दिखा पाया मान्यता के दस्तावेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नांगल चौधरी

विभागीय निर्देशानुसार खंड शिक्षा अधिकारी सुनीता यादव ने औचक छापेमारी करके एक निजी स्कूल का रिकार्ड खंगाला। संचालक से मान्यता संबंधी रिकॉर्ड मांगा गया, लेकिन उन्होंने प्रस्तुत नहीं किया। इसके बाद बीइओ ने स्कूल संचालक को तुरंत प्रभाव ने कक्षाएं बंद करने की हिदायत दी है, अन्यथा विभागीय कार्रवाई करने का अल्टीमेटम दिया।

आपको बता दें कि बीते करीब 10 सालों ने निजी स्कूलों का प्रचलन तेजी से बढ़ रहा है। नांगल चौधरी व गांवों में करीब 90 शिक्षण संस्थाएं संचालित हैं। अधिकतर स्कूलों के पास प्राइमरी कक्षाएं लगाने की अनुमति नहीं, बावजूद उनमें दसवीं तक कक्षाएं संचालित हैं। शिकायत मिलने पर विभाग ने जिला शिक्षा अधिकारी को ब्लॉक लेवल पर अवैध स्कूलों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। बीइओ सुनीता यादव ने सुबह करीब 11 बजे निजामपुर रोड पर स्थित एक निजी स्कूल पर छापा मारा। इस दौरान स्कूल के विभिन्न कमरों में कक्षाएं लगी हुई थी तथा बच्चे जमीन में बैठे हुए थे। बीइओ ने संचालक से बच्चों की हाजिरी रजिस्ट्र मांगा तथा उपस्थित बच्चों की गिनती की गई। इसके बाद उन्होंने संचालक से मान्यता से संबंधित दस्तावेज मांगे, जिस पर संचालक ने संतोषजनक जबाव नहीं दिया। कहा कि ऑनलाइन अप्लाई किया गया है, विभाग ने फिजिकल वैरीफिकेशन नहीं किया है। कुछ औपचारिताएं पूरी होते ही विभागीय अप्रुवल मिल जाएगी। संचालक के तर्क को बीइओ ने खारिज कर दिया तथा तुरंत प्रभाव से स्कूल को बंद करने के निर्देश दिए हैं।



नांगल चौधरी। स्कूल में औचक छापेमारी करके रिकॉर्ड चेक करती बीइओ सुनीता यादव। फोटो : हरिभूमि

**संचालक को बंद करने की हिदायत दी**

बीइओ सुनीता यादव ने बताया कि विभाग ने सभी अवैध स्कूलों को चिन्हित करने तथा कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। इसके बाद ब्लॉक की संदिग्ध स्कूलों का निरीक्षण करने का अभियान चलाया है।

मंगलवार को निजामपुर रोड पर स्थित एक निजी स्कूल का निरीक्षण किया है। जिसके पास कोई मान्यता नहीं और कक्षाओं में करीब 70 बच्चे उपस्थित मिले हैं। संचालक को बंद करने की हिदायत दी गई है। बावजूद स्कूल खुली हुई, मिलेगी तो विभागीय कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## खबर संक्षेप




नारनौल। राव नेतराम स्कूल के विद्यार्थी।

### राव नेतराम स्कूल का परिणाम शानदार

**नारनौल।** सीबीएसई की ओर से घोषित 12वीं परीक्षा परिणाम में राव नेतराम पब्लिक स्कूल सलीमपुर का परिणाम 100 प्रतिशत रहा है। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य अनिता देवी ने विद्यार्थियों, अभिभावकों व अध्यापकों को बधाई देते हुए बताया कि कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणाम में अन्नु पुत्री अजय कुमार सलीमपुर ने 96 प्रतिशत लेकर प्रथम, सिमरन पुत्री मोहनलाल खारीवाड़ा ने 95.20 अंक लेकर द्वितीय, पारस पुत्र महिपाल गणियार ने 95.10 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि इस सफलता के सभी बधाई के पात्र है, जिन्होंने प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से अपना योगदान दिया है।

### हिंदुस्तान पब्लिक स्कूल का परिणाम सराहनीय

**मंडी अटेली।** बोर्ड के सीनियर सैकेंडरी परीक्षा 2025 का परिणाम घोषित कर दिया गया है। अटेली क्षेत्र के हिंदुस्तान पब्लिक स्कूल सलीमपुर के बाहरवीं की परीक्षा परिणाम सराहनीय रहा है। इस मौके पर स्कूल के प्राचार्य अनूप कुमार ने बताया कि परीक्षा परिणाम जीवन में महत्वपूर्ण होते हैं। यह सिर्फ विद्यार्थियों की परीक्षा नहीं होती अपितु अध्यापक व स्कूल की भी परीक्षा होती है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों व उनके अध्यापकों के साथ अभिभावकों को भी परीक्षा परिणाम की बधाई दी है। इस मौके पर स्कूल के चैयरमैन पूर्व सरपंच एवं जिला पार्षद प्रतिनिधि शमशेर सिंह ने बताया कि उनके स्कूल का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है। उनके स्कूल के 85 प्रतिशत विद्यार्थियों ने मेरिट में अपना स्थान प्राप्त किया है।

### छात्र नितिन 94 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम

**महेंद्रगढ़।** सीबीएसई द्वारा 12वीं कक्षा का परिणाम घोषित किया गया। घोषित परिणाम में अरावली इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करके नया कीर्तिमान स्थापित किया है।

प्राचार्य शक्ति सिंह ने बताया की विद्यालय के सीबीएसई के परिणाम के साथ 28 विद्यार्थियों ने बोर्ड की मेधावी सूची में अपना नाम दर्ज करवाया। अरावली स्कूल के 12वीं के परीक्षा परिणाम में छात्र नितिन ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया व छात्रा कशिश झूक ने 93.2 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय, सारिका पालड़ी ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान हासिल किया। संस्थापक अशोक कुमार यादव ने परीक्षा मे शामिल विद्यार्थियों को शानदार रिजल्ट के लिए बधाई देते हुए बच्चों कि प्रशंसा की। सीईओ महेश यादव ने बताया कि इन विद्यार्थियों से अन्य विद्यार्थियों को आगे बढ़ने की प्रेरणा लेनी चाहिए। इस शानदार प्रदर्शन पर सभी बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए सभी छात्रों को आगे बढ़ने की प्रेरणा दी और कहा कि श्रेय स्टॉफ, अभिभावक व विद्यार्थियों को जाता है।

---

### यूथ रेडक्रॉस, नशामुक्ति व सड़क सुरक्षा प्रकोष्ठ के सौजन्य से कार्यक्रम

# सड़क दुर्घटनाओं को बढ़ावा देता है नशा खुद भी बचें, दूसरों को जागरूक करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

राजकीय महाविद्यालय में यूथ रेडक्रॉस, नशामुक्ति व सड़क सुरक्षा प्रकोष्ठ के सौजन्य से उपायुक्त डॉ. विवेक भारती व जिला उच्चतर शिक्षा अधिकारी डॉ. पूर्ण प्रभा के दिशानिर्देशों में सड़क सुरक्षा तथा नशा मुक्ति पर विशेष व्याख्यान व जागरूकता रैली आयोजन किया गया। इस अवसर पर यूथ रेडक्रॉस नोडल अधिकारी डॉ. चंद्र मोहन ने बताया कि सड़क सुरक्षा व नशामुक्ति जागरूकता व्याख्यान तथा जागरूकता रैली निकालने का उद्देश्य विद्यार्थियों व आमजन को सड़क सुरक्षा के नियमों के बारे में जागरूक करना तथा नशा मुक्ति के महत्व के बारे में शिक्षित करना है।

उन्होंने कहा कि नशा और सड़क दुर्घटना दोनों एक दूसरे के पूरक हैं। नशे में चूर वाहन चालक की ओर से दुर्घटनाओं को अंजाम देना बहुत सम्भव है। कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. जगजीत सिंह मोर ने कहा कि छात्रों के लिए सड़क सुरक्षा और नशामुक्ति अभियान के महत्व को समझना तथा उसके नियमों का पालन करना अत्यंत आवश्यक है। प्रतिवर्ष सड़कों पर होने वाली दुर्घटनाओं में लाखों लोग अपनी जान गंवाते हैं या गंभीर रूप से घायल होते हैं। सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करके न केवल हम अपनी जान की रक्षा कर सकते हैं, बल्कि दूसरों की सुरक्षा भी सुनिश्चित कर सकते है। नशा एक गंभीर जोखिम है, जो सड़क दुर्घटना की संभावना को बढ़ा देता है। नशे में वाहन चलाने से न केवल चालक, बल्कि अन्य सड़क उपयोगकर्ता भी खतरे में पड़ जाते हैं। महाविद्यालय कुलसचिव डॉ. सत्यपाल सुलोदिया ने बताया कि इस रैली के माध्यम से छात्राओं ने आमजन को नशे से दूर रहने की अपील की व यातायात नियमों को पालन करने के लिए प्रेरित किया। सीनियर प्रोफेसर डॉ. मुकेश यादव ने कहा कि नशा करने वाहन चलाना अक्सर दुर्घटना का कारण बनता है। इस मौके पर डॉ. सुधीर कुमार, डॉ. सुभाष चन्द्र, डॉ. शशि किरण, पुस्तकालयाध्यक्ष सतीश कुमार, प्रिंस कुमार, मंजीत कुमार, गौरव, संजय वार्डन आदि मौजूद थे।



नारनौल। सड़क सुरक्षा जागरूकता की शपथ लेते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

---



नांगल चौधरी। मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करते चेयरमैन रामनिवास यादव।

# बालाजी स्कूल की करीना ने किया ब्लॉक टॉप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नांगल चौधरी

हरियाणा शिक्षा बोर्ड की ओर से घोषित परीक्षा परिणाम में बालाजी सीनियर सेकेंडरी स्कूल का प्रदर्शन अव्वल रहा है। स्कूल की छात्रा करीना कुमारी 500 में से 474 अंक लेकर साइंस संकाय में ब्लॉक टॉपर रही है। नैना कुमारी ने 472 अंक लेकर खंड में अव्वल स्थान प्राप्त किया है। स्कूल के चेयरमैन रामनिवास यादव ने मेधावी छात्राओं को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा बोर्ड ने मंगलवार की सुबह 12वीं कक्षा का परिणाम घोषित किया है। परीक्षा में स्कूल 79 विद्यार्थी सम्मलित हुए थे। जिनमें 49 साइंस संकाय, 21 आर्ट तथा नौ विद्यार्थी कॉमर्स संकाय के शामिल हैं। साइंस संकाय में करीना कुमारी पुत्री बिक्रम ने 500 में से 474, रितिका पुत्री महेंद्र सिंह ने 464, प्रिया कुमारी पुत्री घनश्याम ने 463, निर्जरा ने 458 अंक हासिल किए। आर्ट संकाय में नैना कुमारी पुत्री गुरदीप को 472, गरिमा पुत्री मनजीत को 458 तथा खुशी कुमारी पुत्री हनुमान को 453 अंक मिले हैं। आदित्य पुत्र विकाश ने कॉमर्स में 432 अंक लेकर परीक्षा उत्तीर्ण की है। ब्लॉक टॉपर रही छात्रा करीना कुमारी ने बताया कि आईएएस बनकर राष्ट्रसेवा करने का संकल्प लिया है। दूसरी तरफ छात्रा नैना कुमारी ने हरियाणा सिविल सेवा की परीक्षा को क्वालीफाई करने का टारगेट बनाया है। चेयरमैन रामनिवास यादव ने बताया कि स्कूल का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा तथा आठ विद्यार्थियों ने 90 फीसदी से अधिक अंक लेकर संस्था का गौरव बढ़ाया है।

---

# सरस्वती स्कूल का प्रदर्शन रहा अव्वल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नांगल चौधरी

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से घोषित 10वीं और 12वीं के परीक्षा परिणाम में सरस्वती विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का प्रदर्शन शानदार रहा है। स्कूल के शत प्रतिशत विद्यार्थी उतीर्ण रहे हैं तथा 58 ने मेरिट सूची में स्थान बनाकर स्कूल व अभिभावकों का नाम रोशन किया है। मेधावी विद्यार्थियों को संस्था के एमडी अमित यादव ने स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया।

उन्होंने कहा कि बाहरवीं कक्षा की 95 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी। जिनमें 60 विद्यार्थी साइंस संकाय, 15 आर्ट तथा 20 विद्यार्थियों ने कॉमर्स संकाय की परीक्षा दी थी। विज्ञान संकाय में ज्योति पुत्री लोकेश कुमार ने 96.8, अंजलि ने 96.8, दिव्या कुमारी ने 94 फीसदी अंक लेकर सफलता हासिल की है। दसवीं कक्षा में सौरभ कुमार पुत्र विजय सिंह ने 95.4, ललित कुमार ने 95.2 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। एमडी अमित यादव ने बताया कि दसवीं कक्षा की परीक्षा में 98 विद्यार्थी अपीयर हुए थे। जिनमें 28 विद्यार्थियों ने 90 फीसदी से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। 40 विद्यार्थियों को प्रथम श्रेणी की सूची में स्थान मिला है। ऑलओवर परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है। प्राचार्या वंदना यादव ने सभी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया।



नांगल चौधरी। सरस्वती स्कूल के विद्यार्थियों को सम्मानित करते एमडी अमित यादव। फोटो : हरिभूमि

---

### बीकेएन स्कूल सिहमा का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत

**नारनौल।** बीकेएन सीनियर सेकेंडरी स्कूल सिहमा का 12वीं हरियाणा बोर्ड का परिणाम शत प्रतिशत रहा। जिसमें खुशाल पुत्र सुभाष सिहमा ने 475 अंक लेकर संस्था में प्रथम स्थान प्राप्त किया। सानिया पुत्री राजपाल अटाली ने 458 अंक, मुस्कान पुत्री रणसिंह निहालावास, वर्षा पुत्री संजय खासपुर, जिया पुत्री हरिओम खामपुरा तीनों छात्राएं 457 अंक लेकर संस्था में तृतीय स्थान पर रही।

इसी प्रकार अलका पुत्री राजेश गुलावला 456 अंक, खुशी पुत्री बलवान नांगल सिरोही ने 436 अंक, तनु पुत्री रामकिशन सिहमा ने 439 अंक लेकर मेरिट सूची में अपना नाम दर्ज करवाया। संस्था में 12वीं में 54 विद्यार्थियों में से 30 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक लेकर मेधावी सूची में अपना नाम दर्ज कराया है, बाकि सभी विद्यार्थी अच्छे अंकों के साथ उत्तीर्ण हुए। संस्था का परिणाम शत प्रतिशत रहा। इस मौके पर संस्था के प्राचार्य राजेश, उपप्राचार्य जसवंत सिंह व अध्यापक गण ने सभी विद्यार्थियों को उनके अच्छे परिणाम पर बधाई दी।



कैथल। गेट मीटिंग के दौरान नारेबाजी करते कर्मचारी

---




नारनौल। खुशी जताते सीएल स्कूल के विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### सीएल स्कूल का परीक्षा परिणाम सराहनीय

**नारनौल।** सीबीएससी की ओर से 10वीं व 12वीं का परीक्षा परीणाम घोषित किया गया। जिसमें सीएल पब्लिक स्कूल का परिणाम शत प्रतिशत रहा। जिसमें विद्यालय स्तर पर 12वीं के वाणिज्य संकाय के छात्रों में दिव्या यादव पुत्री रविकांत बिजिनस स्टेडी व ईकोनोमिक्स में सर्वाधिक 99 अंक, देव बंसल पुत्र राजेश बंसल, कृष्ण सैनी पुत्र बलबीर सैनी अकाऊंटस में सर्वाधिक 97 अंक प्राप्त कर अव्वल रहे।

विज्ञान संकाय में निखिल कुमार ने गणित विषय में सर्वाधिक 99 अंक, गौतम व घनिष्ट 95 अंक तथा बिकेश, चाहत, दिपांशु व सुप्रिया क्रमशः भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान में सर्वाधिक 95 अंक प्राप्त कर अव्वल रहे। कला संकाय में जागृति ने राजनितिक विज्ञान में सर्वाधिक 98 अंक प्राप्त कर अव्वल स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा 10वीं का परिणाम भी शत प्रतिशत रहा। जिसमें वैष्णवी ने 96.8, तन्वी ने 96.6, अक्षय जैन ने 95.6 अंक प्राप्त कर क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। विषयवार परिणाम में छात्रा वैष्णवी ने गणित विषय में 100 अंक, तन्वी हिन्दी में 97, अक्षय जैन अंग्रेजी में सर्वाधिक 93 अंक प्राप्त किए। इस अवसर पर संस्था के प्रंबधक निदेशक डॉ. अमित गुप्ता ने उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को बधाई दी। प्राचार्य रविन्द्र सिंह व समस्त स्टाफ ने बच्चों को उनके उत्कृष्ट परिणाम के लिए बधाई दी।

---

# सीबीएसई परीक्षा परिणाम में श्रीकृष्ण स्कूल भुंगारका ने लहराया परचम




नारनौल। श्रीकृष्णा स्कूल भुंगारका के विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

- 10वीं व 12वीं कक्षा में विद्यालय के 25 विद्यार्थियों ने संयुक्त रूप से 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करके नाम रोशन किया

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से घोषित 10वीं व 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में श्रीकृष्ण सीनियर सेकेण्डरी स्कूल भुंगारका का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। 10वीं व 12वीं कक्षा में विद्यालय के 25 विद्यार्थियों ने संयुक्त रूप से 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर मेधावी सूची में नाम दर्ज करवाया। छात्रा पलक 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में टॉप किया। रितु ने 96, शीतल ने 95.4, दीपेन्द्र 94.2, लक्की 93.6, निकिता कुमानी 93, आयुषी 92.6, मयंक यादव 90.6, तनीषा 90.4 खुशी व शालु ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। 10वीं कक्षा में सोनल ने 96.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में प्रथम स्थान हासिल किया। मयंक, प्रियंका व योगिता ने संयुक्त रूप से 95.4 अंक प्राप्त कर किए। हर्ष, मुकुल व योगिता लंबोरा ने 95, हर्ष 94.4, जतीन 92.8, हिमांशु 92.6, सनी 92.4, कार्निक यादव 90.8, वंदना यादव 90.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कए। प्राचार्य वेदपाल यादव ने इस सफलता पर समस्त विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों तथा उन्हें पढ़ाने वाले अध्यापकों को बधाई दी। चेयरमैन एडवोकेट राजपाल यादव ने सभी सफल विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

---

# यदुवंशी स्कूल का सीबीएसई 12वीं और 10वीं का रिजल्ट रहा सराहनीय

- तनवी ने 97 .8 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय में पाया प्रथम स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

यदुवंशी शिक्षा निकेतन के विद्यार्थियों ने सीबीएसई बोर्ड 12वीं एवं 10वीं के परीक्षा परिणामों में बेहतरीन सफलता प्राप्त कर अपने विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया है। लंबे समय से परिणाम का इंतजार कर रहे छात्र-छात्राओं के चेहरों पर खुशी की लहर दौड गई। सीनियर सेकेंडरी हैड अरविंद्र यादव ने बताया कि विद्यालय से कक्षा 12वीं तनवी पुत्री पंकज गोयल 97.8 प्रतिशत अंक, रवीना पुत्री सुंदरलाल ने 97.6, नव्या पुत्री योगेंद्र ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परचम लहराया। गीतिका यादव पुत्री दुष्यंत कुमार यादव ने 95.2 प्रतिशत अंक, मोहम्मद तलहा पुत्र जमिल अहमद ने 94.4 अंक, नैना पुत्री पवन कुमार ने 93.2 अंक प्राप्त किए। वहीं राशि ने अंग्रेजी में 98, तनवी ने म्यूजिक में 100, श्वेत गणित में 99, रवीना ने फिजिकल में 99, नैना ने ईकोनॉमिक्स में 98 अंक हासिल किए। वहीं दसवीं कक्षा में मुस्कान पुत्री मनोज भारद्वाज ने 97.4 प्रतिशत, महक पुत्री सुरेंद्र सिंह 97.4 प्रतिशत, प्रशांत पुत्र हरदीप कुमार 96.6 प्रतिशत व जिया खेरवाल पुत्री विकास 96.4 प्रतिशत अंक हासिल किए। वहीं गणित विषय में जिया खेरवाल, आईसी, मुस्कान, ईशु, अंशिका, प्रशांत ने शत-प्रतिशत अंक हासिल किए।

प्राचार्य पवन कुमार ने कहा कि आप सभी ने कठिन परिश्रम, समर्पण और आत्मविश्वास की परीक्षा में सफलता प्राप्त की है। यदुवंशी गुरप चेयरमैन एवं पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह ने सभी विद्यार्थियों को बधाई दी।



महेंद्रगढ़। विजय चिह्न बनाकर खुशी जताते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

---



नारनौल। महापंचायत के लिए ग्रामीणों को निमंत्रण देते बसपा नेता अतरलाल।

### महापंचायत को लेकर किया जनसम्पर्क

**नारनौल।** बसपा नेता प्रमुख समाजसेवी अतरलाल एडवोकेट ने सिहोर, गाहड़ा, कोटिया और करीरा गांवों का दौरा कर ग्रामीणों को आगामी 16 मई को कनीना खास रेलवे स्टेशन पर आयोजित की जा रही महापंचायत के लिए निमंत्रण दिया। अतरलाल ने ग्रामीण सभाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि कनीना खास रेलवे स्टेशन पर एक्सप्रेस गाड़ियों के ठहराव की मांग को लेकर आगामी 16 मई को रेलवे स्टेशन पर इलाकावासियों की महापंचायत की जा रही है। उन्होंने कहा कि जब मीटर गेज लाइन थी, तब भी यहां एक्सप्रेस ट्रेन ठहरती थी, लेकिन ब्राड गेज लाइन बनने के बाद कोई भी एक्सप्रेस गाड़ी कनीना रेलवे स्टेशन पर नहीं ठहरती। जिसके कारण यात्रियों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। उन्होंने दिन में इस लाइन पर गुजरने वाली दिल्ली जोधपुर एक्सप्रेस, दिल्ली से बीकानेर एक्सप्रेस, दिल्ली से सीकर एक्सप्रेस तथा रात को आने वाली दिल्ली बीकानेर एक्सप्रेस और दिल्ली जोधपुर एक्सप्रेस गाड़ी का ठहराव कनीना रेलवे स्टेशन पर तत्काल करने की मांग की। उन्होंने ग्रामीणों से उक्त एक्सप्रेस गाड़ियों के ठहराव की मांग को लेकर कनीना खास रेलवे स्टेशन पर 16 मई को आयोजित की जा रही महापंचायत में बढ़ चढ़कर भाग लेने की अपील की। इस मौके पर भागसिंह चेयरमैन, शेरसिंह यादव ने भी ग्रामीणों को संबोधित किया।

---

### भारत एक शांति प्रिय देश है : यतेंद्र राव

**नारनौल।** कश्मीर के पहलगाम के आतंकी हमले का देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय सेवा ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान में घुसकर आतंकवादियों के नौ से अधिक ठिकानों को नेस्तनाबूद करके पूरे विश्व को बड़ा संदेश दिया है कि आतंकवाद के खिलाफ भारत कोई समझौता नहीं करने वाला। यह बात भाजपा जिला अध्यक्ष यतेंद्र राव ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में कही। उन्होंने कहा कि हर सैन्य मोर्चे पर पाकिस्तान के नापाक मंसूबों को ध्वस्त करके भारतीय सेना ने पूरे विश्व को अपना पराक्रम और शौर्य दिखाया है। हिंदुस्तान और पाकिस्तान की इस जंग में विश्व की बड़ी बड़ी ताकतों ने भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व का लोहा माना है। यतेंद्र राव ने कहा कि सीज फायर के समझौते में भी भारत सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि आतंकवाद पर कोई समझौता नहीं होगा।



---

## न्यूज डायरी

### सरस्वती स्कूल भोजावास का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट

**नांगल चौधरी।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की ओर से घोषित कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणाम में सरस्वती पब्लिक स्कूल भोजावास का परिणाम सहरानीय रहा है। प्राचार्य राजेश कुमार ने बताया कि कक्षा 12वीं कक्षा की 56 बच्चों ने परीक्षा दी थी। जिनमें 33 को मेरिट सूची में स्थान बनाने में सफलता मिली है। विद्यालय की छात्रा मुस्कान पुत्री प्रदीप कुमार ने 500 में से 431, मुस्कान पुत्री प्रदीप ने 430, शुभम पुत्री संदीप कुमार ने 426, कुमारी केश पुत्री धर्मेंद्र कुमार ने 424, खुशी पुत्री मुकेश कुमार ने 418, वर्षा पुत्री रविपाल ने 412, प्रिय कुमारी पुत्री जगबीर ने 406, निखिल पुत्र प्रदीप कुमार ने 401, मधुबाला पुत्री चंद्रभान ने 400 अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय के चेयरमैन दयाराम यादव व निदेशक अमित यादव ने उत्तीर्ण रहे विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया।

### सनराइज स्कूल का प्रदर्शन रहा सहरानीय

**नांगल चौधरी।** शिक्षा बोर्ड के परीक्षा परिणाम में सनराइज सीनियर सेकेंडरी स्कूल का प्रदर्शन सहरानीय रहा है। स्कूल के 15 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक लेकर परीक्षा उत्तीर्ण की है। मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करने के लिए प्रबंधन कमेटी ने समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया है। प्राचार्य महेंद्र शर्मा ने बताया कि दीपांशु पुत्र महेंद्र कुमार ने विज्ञान संकाय में 433 अंक लेकर स्कूल टॉप किया है। अनामिका पुत्री अशोक कुमार ने 428 अंक हासिल किए हैं। आर्ट संकाय में प्रियंका पुत्री सोनू कुमार ने 433 अंक प्राप्त किए हैं। कॉमर्स संकाय में साहिल पुत्र दलीप कुमार ने 431 अंक हासिल किए हैं। उन्होंने बताया कि स्कूल का ऑलओवर परिणाम शत प्रतिशत रहा।

### केएल मेमोरियल स्कूल परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत

**नांगल चौधरी।** केएल मैमोरियल स्कूल इस्लामपुरा के 88 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में स्थान बनाकर रिकॉर्ड बनाया है। परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है, जिनमें 14 विद्यार्थियों ने 90 फीसदी से अधिक अंक अर्जित किए हैं। स्कूल की प्रबंधन कमेटी ने मेधावी प्रतिभाओं को पुरस्कृत किया। प्राचार्य राजबीर सिंह ने बताया कि मेडिकल संकाय में याचिका खटाणा पुत्री कृष्ण कुमार ने 94, नैन्सी पुत्री सत्यवीर ने 94, संजू यादव पुत्री धर्मपाल ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। कला संकाय में प्रियंका पुत्री राजाराम ने 91, मोनिका पुत्री दारासिंह ने 88, संजू गुर्जर धोलाराम ने 87 फीसदी अंक अर्जित किए हैं। नॉन मेडिकल में पायल कुमारी पुत्री रमेशचंद ने 91, मनीषा 89, विवेक कुमार ने 88 प्रतिशत अंक लेकर परीक्षा उत्तीर्ण की है। उन्होंने बताया कि परीक्षा में 104 विद्यार्थी सम्मलित हुए थे, जिनमें सभी ने सफलता हासिल करके स्कूल का गौरव बढ़ाया है।

### संत ठाकूर दास स्कूल का शानदार रहा परीक्षा परिणाम

**नांगल चौधरी।** संत ठाकूर दास सीनियर सेकेंडरी स्कूल पांचनोता का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है। 24 विद्यार्थियों ने मेरिट तथा 19 ने प्रथम श्रेणी हासिल करके स्कूल का नाम रोशन किया है। मेधावी विद्यार्थियों को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। स्कूल के चेयरमैन बस्तीराम यादव ने बताया कि साइंस में प्रिया कुमारी पुत्री कर्मबीर ने 436, अनन्या कुमारी पुत्री मुकेश कुमार ने 427, अश्वनी कुमार पुत्र मनोज कुमार ने 415 अंक हासिल किए हैं। आर्ट संकाय में सीमा पुत्री मुकेश बटार ने 429, उषा कुमारी पुत्री राधेश्याम ने 425, विजेता कुमारी पुत्री कृष्ण कुमार ने 424 अंक लेकर परीक्षा उत्तीर्ण की है।

### लंबोरिया स्कूल बूढ़वाल का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत

**नांगल चौधरी।** हरियाणा शिक्षा बोर्ड ने बाहरवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया है। जिसमें लंबोरिया एकेडमी बूढ़वाल का प्रदर्शन शानदार रहा। स्कूल के सभी विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में स्थान हासिल करके संस्था का गौरव बढ़ाया है। स्कूल के एमडी राजपाल लंबोरा ने बताया कि कला संकाय में प्रिया कुमारी पुत्री कृष्ण कुमार ने 91.80 प्रतिशत अंक लेकर स्कूल टॉप किया है। योगेश कुमार पुत्र रामकरण को 89.60, प्रियांशु पुत्री रामसिंह ने 88.60 प्रतिशत अंक अर्जित किए हैं। साइंस संकाय में कोमल पुत्री रणसिंह को 90.20, हिमांशु पुत्र सुभाष को 89 तथा बुग्गा पुत्री सुरेश कुमार ने 88.40 प्रतिशत अंक लेकर स्कूल का गौरव बढ़ाया है। उन्होंने बताया कि स्कूल का ऑलओवर परिणाम शत प्रतिशत रहा है।

### श्रीराम स्कूल का परिणाम रहा शानदार

**नांगल चौधरी।** श्रीराम सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने बाहरवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में शानदार प्रदर्शन किया है। स्कूल के 39 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में स्थान हासिल किया है। मेधावी बच्चों को सम्मानित करने के लिए समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया है। प्राचार्य धर्मबीर दहिया ने बताया कि बाहरवीं की कक्षा में 82 विद्यार्थी सम्मलित हुए थे। जिनमें 39 ने मेरिट सूची में स्थान हासिल करके संस्था का गौरव बढ़ाया है। साइंस संकाय में सुमित सैनी पुत्र सुभाषचंद ने 464, शिवांशू पुत्र बिक्रम सिंह ने 444, लोकेश कुमार पुत्र ताराचंद ने 426 तथा धर्मपाल पुत्र सुमेर सिंह ने 421 अंक लेकर परीक्षा उत्तीर्ण की है। उन्होंने बताया कि परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है तथा सभी प्रथम श्रेणी हासिल की है।



मंडी अटेली। चंदपुरा स्कूल के बारहवीं के बच्चे के स्टाफ सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### चंदपुरा स्कूल के विद्यार्थियों ने 12वीं में लहराया परचम

**मंडी अटेली।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चंदपुरा के विद्यार्थियों ने हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी 12वीं की वार्षिक परीक्षा में कुल 22 विद्यार्थियों में से 11 विद्यार्थियों ने मैरिट सूची में अपना नाम दर्ज किया है। इस परीक्षा परिणाम से विद्यालय के अध्यापकों एवं अभिभावकों का नाम रोशन किया। मेरिट सूची में हर्षिता 444, प्रिंश कुमार 439, सुनैना 434, सौरभ वर्मा 423, तरूण 423, सरिता 416, वंशिका 411, पायल 408, अंजलि 403, नितिन 402, दीवाकर 402 आदि विद्यार्थी आए। इस मौके पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजेन्द्र सिंह एवं समस्त स्टाफ ने विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को बधाई दी एवं उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए कामना की। इस मौके पर पर प्रवक्ता सुनील कुमार, महेश कुमार, राजेश कुमार, अनूप सिंह, प्रमिला यादव, रचना, इंदुबाला, मधु, मनोज बाई, मंजू यादव, पूजा, पूनम, पूनम एबीआरसी, संजीव व अंकित आदि स्टॉफ सदस्य उपस्थित रहे।

**परीक्षा परिणाम की घोषणा होते ही छात्रों और परिजनों ने मिठाइयां बांटी और शिक्षकों का लिया आशीर्वाद**

# 12वीं और 10वीं के परीक्षा परिणाम में सूरज स्कूल का शानदार प्रदर्शन, खुशी से झूमे विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

सीबीएसई द्वारा घोषित 12वीं के परीक्षा परिणाम में सूरज स्कूल के विद्यार्थियों ने असीम सफलता प्राप्त की व पिछले सभी रिकॉर्ड तोड़ते हुए नए शिखर को छुआ। सूरज स्कूल निदेशक संदीप प्रसाद ने बताया कि इस परीक्षा परिणाम में नॉन मेडिकल संकाय से होनहार छात्र इरफान खान पुत्र शबिर मोहम्मद ने 97.6 प्रतिशत अंक के साथ स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में योगेश रोहिल्ला पुत्र राजेश कुमार ने 97.2, उषा पुत्री अनुप सिंह ने 97.0, खुशी पुत्री लक्ष्मण ने 97.0, खुशी पुत्री जोगेंद्र ने 97.0, वंशिका पुत्री हितेश चौहान ने 96.8, साक्षी पुत्री देवेंद्र यादव ने 96.8, खुशी पुत्री सुनील कुमार ने 96.8, अमृता चौरसिया पुत्री अनिल चौरसिया ने 96.8, आशना पुत्री अनिल कुमार ने 96.4, प्रतिभा पुत्री सुनील कुमार ने 96.0, खुशबू यादव पुत्री मुकेश कुमार ने 95.8, प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय की टॉप-10 सूची में नाम दर्ज करवाया। इसी के साथ कक्षा 10वीं के घोषित परिणाम में छात्र यश अग्रवाल ने 99.0 प्रतिशत अंक साथ विद्यालय में टॉप किया। इसी क्रम में छात्र अंशिका यादव ने 98.6, मानसी ने 98.4, आदि ने 98.4, अर्पित राज पाठक ने 98.2, यशु ने 98.2, हरीश ने 98.2, कार्तिक कुमार ने 97.4, पलक यादव ने 97.2, इशिका श्रीवास्तव ने 97, लक्षिता ने 96.6, रितिका ने 96.6, रजत शर्मा ने 96.4, मोहित यादव ने 96.4, शुभम ने 96.2, अंजलि यादव ने 96, रूपेश नरुका ने 95.8 आदि विद्यार्थियों ने बेहतरीन अंक के साथ परीक्षा उत्तीर्ण की। जैसे ही परीक्षा परिणाम की घोषणा हुई विद्यार्थियों में खुशी की लहर दौड़ गई।


महेंद्रगढ़। विजय चिह्न बनाकर खुशी जाहिर करते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## हैप्पी स्कूल के विद्यार्थियों का सीबीएसई के परीक्षा परिणाम में सराहनीय प्रदर्शन, खुशी की लहर

- सृष्टि गोयल ने 99.6 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान पर रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

हैप्पी एवरग्रीन स्कूल के छात्रों का सीबीएसई द्वारा जारी 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। प्रबंध निदेशक मनीष अग्रवाल और मैनेजर चंचल अग्रवाल ने बताया कि हीरो की भांति चमकते हुए हमारे यह सितारे आज किसी पहचान के मोहताज नहीं है। विज्ञान संकाय में सृष्टि गोयल पुत्री मुकेश गोयल ने 99.6 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम, 99.2 प्रतिशत अंक के साथ कॉमर्स संकाय में टीशा पुत्री संदीप द्वितीय रहा। इसके अलावा आर्ट्स संकाय में 96.6 प्रतिशत अंक के साथ निधि पुत्री राजेश कुमार शीर्ष पर रही। विंग प्रभारी संजीव कुमार ने बताया


सृष्टि गोयल।


टीशा।

कि नॉन मेडिकल विभाग में करुणा पुत्री राजीव कुमार ने 96.8 प्रतिशत अंक के स्थान दूसरा, नेहा पुत्री जगत सिंह ने 96.4 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय रहीं।

### मुस्कान ने 97.4 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम रही

वहीं मेडिकल विभाग में मुस्कान पुत्री मनोज कुमार ने 97.4 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम, हिमांशी पुत्री राजेश कुमार ने 95.2 प्रतिशत अंक लेकर दूसरा, योगेश पुत्र कर्मवीर ने 91.8 प्रतिशत अंक लेकर तीसरा स्थान हासिल किया। कॉमर्स विभाग में सिद्धि पुत्री विकास कुमार 98.8 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम, कोमल पुत्री दीनदयाल ने 94.8 प्रतिशत अंक के साथ तीसरा स्थान अर्जित किया।

आर्ट संकाय में सानिया पुत्री सुरेंद्र कुमार ने 94.4 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय, अर्पण पुत्र दीपक ने 93.8 प्रतिशत अंक के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। चेयरमैन सुभाष चंद्र अग्रवाल, वाइस चेयरमैन कौशल्या अग्रवाल, प्रबंधक मनीष अग्रवाल, मैनेजर चंचल अग्रवाल, प्राचार्य डॉ. जेएस कुंतल एवं विंग हैड संजीव शर्मा ने कहा कि कड़ी मेहनत कभी व्यर्थ नहीं जाती, बल्कि मेहनत अपना रंग सफलता के रूप में अवश्य दिखाती है।

## एसडी स्कूल ककराला में हुई कैडट्स की भर्ती


कनीना। एनसीसी की चयन परीक्षा में मौजूद छात्र।

**कनीना।** एसडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ककराला में मंगलवार को एनसीसी कैडट्स का चयन किया गया। इस दौरान 16 हरियाणा बटालियन एनसीसी के कर्नल अक्षय माथुर व संदीप कुमार के दिशानिर्देशन में एसएम रधुवीर सिंह, एचसी बिक्रम सिंह व कमल सिंह ने विद्यार्थियों का लिखित व शारिरिक परीक्षण किया। इस परीक्षा में विद्यालय के 70 छात्र व 25 छात्राओं ने भाग लिया। शारिरिक दक्षता में फिट रहने वाले 30 छात्र व 18 छात्राएं परीक्षा में बैठे। चयन प्रक्रिया के अंर्तगत छात्र छात्राओं का चयन शारीरिक दक्षता परीक्षण व लिखित परीक्षा के आधार पर किया गया।विद्यालय के चेयरमैन जगदेव यादव ने बताया कि एनसीसी कैडट्स को सेना की भांति प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। आातकाल के समय इनकी सेवाएं ली जा सकती हैं। वहीं इसके माध्यम से थल सेना भर्ती होने का अवसर मिलता है। इस मौके पर उपनिदेशक ओमप्रकाश, सुनील कुमार, अजीत सिंह, सोनपाल, पिंकेश्वरी उपस्थित थे।

## राव जयराम स्कूल का 10वीं एवं 12वीं का परीक्षा परिणाम रहा शानदार



**महेंद्रगढ़।** राव जयराम सीनियर सेकेंडरी स्कूल का सीबीएसई बोर्ड से कक्षा 10वीं और 12वीं के परिणाम में शत-प्रतिशत सफलता प्राप्त की है। विद्यालय का यह उत्कृष्ट प्रदर्शन न केवल संस्था के लिए गर्व की बात है, बल्कि क्षेत्र के लिए भी प्रेरणा का स्रोत है। विद्यालय के छात्रों ने जिस मेहनत, लगन और अनुशासन के साथ यह परिणाम प्राप्त किया है, वह सराहनीय है। कक्षा 12वीं का दक्ष यादव पुत्र प्रीतम सिंह ने 98.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम, मुस्कान पुत्री धीरपाल ने 92.8 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय, कंचन पुत्री सुरेंद्र ने 91.2 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान हासिल किया। इन तीनों टॉपर्स के साथ-साथ सभी विद्यार्थियों ने 100 प्रतिशत पास होकर विद्यालय का नाम रोशन किया। इसके अलावा कक्षा 10वीं में गौरव पुत्र विनोद कुमार ने 92.6 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम, किरण पुत्री जयप्रकाश ने 92 प्रतिशत अंक लेकर दूसरा तथा कुणाल पुत्र संतोष कुमार ने 91.4 प्रतिशत अंक लेकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। चेयरमैन डॉ. हरिसिंह यादव, प्राचार्य नरेंद्र कुमार और निदेशक सुरेंद्र कुमार ने कहा कि यह परिणाम विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के परिश्रम और विद्यालय की शिक्षण पद्धति का प्रतिफल है।

## श्रीकृष्णा ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशन का 10वीं और 12वीं का परिणाम रहा शत-प्रतिशत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़


नैंसी।


ललित कुमार।


सानिया।


दीक्षा।

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा मंगलवार को कक्षा 10वीं व 12वीं का परिणाम घोषित किया गया, जिसमें श्रीकृष्णा ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशन के विद्यार्थियों ने सीबीएसई बोर्ड द्वारा घोषित 12वीं के परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। पीआरओ सुधीर यादव ने बताया कि श्रीकृष्णा ग्रुप आफ का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। संदीप यादव ने बताया कि कक्षा 12वीं की छात्रा नैंसी ने 95.8 प्रतिशत अंक लेकर टॉपर रही, जबकि ललित कुमार ने 95.6 प्रतिशत अंक लेकर दूसरा व सानिया ने 95 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं कक्षा 12वीं से 35 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत अंक, 96 विद्यार्थियों ने 85 प्रतिशत व 75 प्रतिशत से अधिक 162 विद्यार्थियों ने अंक प्राप्त किए। उन्होंने बताया कि फिजिक्स में आठ विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत से अधिक, केमिस्ट्री विषय में 20 विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत से अधिक, बायोलॉजी विषय में नौ विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत से अधिक व गणित विषय में सात विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत अंक, म्यूजिक विषय में 21 विद्यार्थियों ने 100 में से 100 प्रतिशत अंक, अंग्रेजी विषय में 12 विद्यार्थियों ने 95 से अधिक अंक, जबकि गणित विषय में ललित कुमार ने 100 में से 100 अंक प्राप्त किए। वहीं श्रीकृष्णा स्कूल सिहमा की नॉन मेडिकल संकाय में छात्रा तमन्ना पुत्री तेजेंद्र पाल निवासी डेरोली अहीर ने 95.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। कक्षा 12वीं में 312 विद्यार्थियों में से 112 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में अपना नाम दर्ज करवाया। उन्होंने बताया कि कक्षा 10वीं से श्रीकृष्णा स्कूल के विद्यार्थियों ने सीबीएसई 10वीं में भी शानदार प्रर्दशन किया। विद्यालय के 273 विद्यार्थियों में 107 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में अपना नाम दर्ज करवाया है। छात्रा दीक्षा 98.4 प्रतिशत अंक प्रथम, छात्रा रिया शर्मा, अनुष्का, सारिका ने 97.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा, छात्रा तन्नु ने 97 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं रिया, रूचि व अभिषेक कुमार ने गणित विषय में से 100 में से 100 अंक प्राप्त किए, जबकि अनुष्का ने साइंस विषय में 100 अंक में से 100 अंक प्राप्त किए। चेयरमैन डॉ. बीरसिंह यादव ने कहा कि परिणाम हमेशा से ही बहुप्रतीक्षित इंतजार का विषय रहा है।

## मॉडर्न स्कूल का परीक्षा परिणाम रहा शत-प्रतिशत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

महेंद्रगढ़। सीबीएसई बोर्ड द्वारा घोषित कक्षा 10वीं व 12वीं के परीक्षा परिणाम में मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने शत-प्रतिशत सफलता प्राप्त कर पूरे क्षेत्र में स्कूल का नाम गौरवान्वित किया है। प्राचार्य प्रदीप कुमार तंवर ने बताया कि कक्षा दसवीं के परीक्षा परिणाम में शालू पुत्री विक्रम में 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, हर्ष पुत्र गजेंद्र सिंह ने 95.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय तथा हिमानी पुत्री राकेश ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार कक्षा 12वीं में विज्ञान संकाय से मोनिका पुत्री जयभगवान ने 94.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, शिवानी पुत्री नवीन ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय तथा रिया पुत्री अंगम कुमार ने 93.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। कामर्स संकाय से स्नेहा पुत्री प्रवीन ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, खुशबू पुत्री दीनदयाल ने 95.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय तथा पलक पुत्री अनिल ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार आर्ट संकाय में अशीष राधव ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, शिवदत पुत्र नरेश कुमार ने 92.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय तथा केशव पुत्र कृष्ण कुमार ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। संस्था चेयरमैन सतनसिंह व प्राचार्य प्रदीप कुमार तंवर ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## तुलसी यात्रा से प्रारंभ होगा श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव

- कार्यक्रम का शुभारंभ दो से आठ तक किया जाएगा

**महेंद्रगढ़।** श्री ओमसाईंराम एकेडमिक हाईट्स पब्लिक स्कूल में भागवत धर्म सेवा के तत्वावधान में श्रीमद् भागवत महापुराण कथा महोत्सव एवं सिद्ध रूद्राक्ष वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ दो से आठ तक किया जाएगा। कथावाचक आचार्य गौरव दीक्षित महाराज व्यासगद्दी पर विराजमान होकर अपनी अमृतवाणी से सभी भक्तों को श्रीमद् भागवत कथा का रसपान कराएंगे व कथा के दौरान शहर के बच्चों द्वारा मनमोहक झांकियां भी पेश की जाएंगी। विद्यालय चेयरमैन रमेश सैनी ने बताया कि इस कार्यक्रम का आयोजन सभी शहरवासियों के सहयोग से दो जून को प्रातः आठ बजे एक विशाल तुलसी यात्रा से किया जाएगा, यह यात्रा बचपन प्ले स्कूल से प्रारंभ होकर शहर के मुख्य मार्गो से होती हुई वापस कथा स्थल में पहुंचेगी। कथा वाचक आचार्य गौरव दीक्षित महाराज ने बताया कि इस प्रकार की तुलसी यात्रा शहर में पहली बार निकाली जाएगी, जिसमें अपना कूपन प्राप्त करने के बाद सभी महिला कलश की बजाय तुलसी का गमला लेकर शामिल होंगी। भागवत धर्म सेवा परिवार का एक संकल्प है घर घर तुलसी, हर घर तुलसी इसी संकल्प की पूर्णता के लिए तुलसी कलश यात्रा निकलेगी।

## बोर्ड परीक्षा में ऐशली स्कूल अटेली का बहतरीन प्रदर्शन

**नारनौल।** ऐशली स्कूल अटेली का 12वीं कक्षा का परिणाम शत प्रतिशत रहा। जिसमें हिमांशी पुत्री इंद्रजीत तोबड़ा ने 95.2 प्रतिशत अंक हासिल करके विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। सिद्धार्थ पुत्र प्रिंस गोयल अटेली 93.2 प्रतिशत अंक लेकर दूसरा, वंश पुत्र अनिल कुमार अटेली ने 92.4 प्रतिशत अंक लेकर तीसरे स्थान पर रहा। कुल 36 बच्चों में से 20 बच्चों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। पांच बच्चों ने 90 से अधिक अंक प्राप्त किए। वहीं दसवीं कक्षा का परिणाम भी शत प्रतिशत रहा। जिसमें निशा यादव पुत्री रविंद्र कुमार रामपुरा ने 96.4 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम, हिमांशी पुत्री सुधीर चांदपुरा 96.2 प्रतिशत, कंचन पुत्री बाल गोविन्द कांटी ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। कुल 52 बच्चों में से 36 बच्चो ने 80 प्रतिशत से अधिक, 11 बच्चों ने 90 प्रतिशत से अधिक, चार बच्चों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। निशा ने गणित व हिमांशी ने विज्ञान में 100 अंक प्राप्त किए। सफलता प्राप्त करने वाले सभी बचों को विद्यालय परिवार व विद्यालय प्रबंधन ने बधाई दी।

## परीक्षा परिणाम में बीआर के विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन, तमन्ना 96 प्रतिशत अंक लेकर रही प्रथम


महेंद्रगढ़। परीक्षा परिणाम देखकर खुशी जाहिर करते विद्यार्थी।

**महेंद्रगढ़।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड नई दिल्ली द्वारा घोषित कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणाम में बीआर सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेहलंग के विद्यार्थियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। छात्रा तमन्ना पुत्री रवि कुमार ने 96 प्रतिशत अंक लेकर विद्यालय में प्रथम, प्रिंस पुत्र अजीत ने 94 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरा, निकिता पुत्री गजेंद्र ने 93.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। इन होनहार विद्यार्थियों के अतिरिक्त, ऊषा पुत्री मुकेश कुमार ने 93.2 प्रतिशत अंक, शगुन पुत्री विजय ने 92.6 प्रतिशत अंक तथा निकिता पुत्री गजेंद्र ने 90.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। इस वर्ष भी विद्यालय का परिणाम शत-प्रतिशत रहा और अधिकांश विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की है। चेयरमैन हरीश भारद्वाज ने कहा कि यह विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है।

## सफाई कर्मचारियों ने किया विरोध प्रदर्शन

**मंडी अटेली।** केंद्रीय मजदूर संगठनों एवं कर्मचारी संघों के आह्वान पर मंगलवार को अटेली नगर पालिका के सफाई कर्मचारियों के द्वारा अपनी मांगों के लिए विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान हाथों में उल्टी झाड़ू व काले झंडे लेकर विरोध किया। सफाई कर्मचारियों ने बताया कि मजदूर विरोधी लेबर कोड रद्द करो व न्यूनतम वेतन 26 हजार किया जाए। ठेका प्रथा, निजीकरण बंद, अस्थाई कच्चे कर्मियों, स्कीम वर्कर्स को स्थाई करो निर्माण श्रमिकों सहित मजदूरों के लिए बने विभिन्न बोर्डों को मजबूत कर उनको उचित सुविधाएं दे। मनरेगा में 200 दिन काम और 800 रुपये मजदूरी तय कर न्यूनतम पेंशन 10 हजार रुपये मासिक दी जाए।

## आरोही स्कूल का परिणाम शत प्रतिशत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल




हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की ओर से घोषित कक्षा 12वीं परीक्षा परिणाम में आरोही मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मंढाणा का परीक्षा परिणाम हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सत प्रतिशत रहा है। विद्यालय ने पिछले परिणाम को दोहराते हुए एक बार फिर से हरियाणा शिक्षा बोर्ड की ओर से घोषित परिणाम में परचम लहराया है। विद्यालय के कुल 75 विद्यार्थियों में से सभी विद्यार्थी उत्तीर्ण हैं।

इस प्रकार विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। 12 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत या इससे अधिक अंक प्राप्त किए, 50 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत या इससे अधिक अंक प्राप्त किए, 13 विद्यार्थियों ने 75 से 80 प्रतिशत अंकों के बीच में प्राप्त किए। विज्ञान संकाय में भूमिका पुत्री सुभाष चंद्र नांगल चौधरी 483 अंक के साथ पहले, नवीन कुमार पुत्र सुरेश कुमार 462 अंक के साथ दूसरे, साहिल सैनी पुत्र गणेश कुमार 460 अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहा। इसी प्रकार वाणिज्य संकाय में करिश्मा पुत्री गोविंद सिंह नांगल चौधरी 480 अंक के साथ प्रथम, गौरव पुत्र प्रकाश सैनी 471 अंक के साथ दूसरे, हेमंत पुत्र प्रवेश कुमार 463 अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहा। कला संकाय में तनु पुत्री सुरेश कुमार कोजिंदा 458 अंक के साथ पहले, आकांक्षा पुत्री कृष्ण कुमार 442 अंक के साथ दूसरे, पायल पुत्री राजेश कुमार 433 अंक के साथ तीसरे स्थान पर रही। प्राचार्य लीलूराम यादव ने बताया कि विद्यालय का परिणाम पिछले वर्ष की भांति इस बार भी बहुत ही शानदार व सराहनीय रहा।

## सरस्वती स्कूल के बच्चों ने परीक्षा परिणाम में लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

शहर में पुल बाजार स्थित सरस्वती बाल मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ने फिर परचम लहराया है। विद्यालय के छात्र गर्वित ने सर्वाधिक 96.8 अंक प्राप्त किए। विद्यालय का परीक्षा परिणाम इस बार भी शत-प्रतिशत रहा। शहर प्रतिष्ठित विद्यालय सरस्वती बाल मंदिर ने इस वर्ष भी उत्कृष्ट परिणाम प्रस्तुत किए है। विद्यालय के चेयरमैन मुकेश शर्मा व प्राचार्या क्षमा पाण्डेय के मार्ग दर्शन में विद्यालय ने शिक्षा के क्षेत्र में अपनी उत्कृष्ट पहचान बनाई है।

विद्यालय के छात्रों ने विभिन्न विषयों में 100 अंक लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। जिसमें विद्यालय का नाम रोशन हुआ है। विद्यालय प्रशासन ने छात्रों की सफलता को विद्यालय के अध्यापकों की निरंतर मेहनत व समर्पण का परिणाम बताया है। विद्यालय के चेयरमैन मुकेश शर्मा और प्राचार्या ने उनकी सफलता पर बधाई दी। विद्यालय में सर्वाधिक 46 छात्रों ने मेरिट में स्थान प्राप्त किया। सरस्वती बाल मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की सफलता पर विद्यालय परिवार को बधाई।


नारनौल। सरस्वती स्कूल के विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

**सूचना**

मैं, बाबुलाल पुत्र हरदवारी लाल निवासी सिसोठ, तहसील व जिला महेन्द्रगढ़, हरियाणा बयान करता हूं कि मेरा पुत्र जोगेन्द्र मेरे व मेरी पत्नी रामकला के कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**सार्वजनिक सूचना**

प्रमाणित किया जाता है कि मेरे पिता मेरे पिता कमलेशवर अग्रवाल पुत्र हरिकिशन दास वासी मौहल्ला मिश्रवाडा, नारनौल जिला महेंद्रगढ का देहान्त दिनां 30.12.2008 को हो चुका है। वहीं मेरी माता का निधन भी मेरे पिता के निधन से पहले ही हो चुका है। उनके देहान्त के बाद उनका निम्न कानूनी व जायज वारिस है। 1. संदीप अग्रवाल। उक्त शपथ पत्र पूर्णतया सत्य है। जिसकी सारी जिम्मेदारी मेरी होगी।

**सार्वजनिक सूचना**

प्रमाणित किया जाता है कि मेरे पिता सुभाष चंद उर्फ सुभाष अग्रवाल वासी मोहल्ला गुरूनानकपुरा, तहसील नारनौल जिला महेंद्रगढ का निधन 01.05.2022 को हो चुका है। उनके निधन के बाद उनके निम्न कानूनी वारिस है। 1. मिन्टू पुत्र 2. राजाबाला पुत्री 3. मोना पुत्री 4. पूजा पुत्री 5. बिमला देवी पत्नी (विधवा)। उक्त शपथपत्र पूणतया सत्य है। जिसकी सारी जिम्मेदारी मेरी है।

## ईव टीजिंग एवं कानूनी जागरूकता सेमिनार

**महेंद्रगढ़।** राजकीय महाविद्यालय में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में ईव टीजिंग, बुलिंग एवं कानूनी जागरूकता विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को सामाजिक कुरूतियों, विशेषकर महिलाओं एवं छात्राओं के प्रति होने वाले अपराधों के प्रति जागरूक किया तथा उन्हें उनके कानूनी अधिकारों की जानकारी दी। कार्यक्रम में मुख्यवक्ता सिविल कोर्ट के अधिवक्ता विक्रम सिंह एवं प्रमोद ने सहभागिता की। अधिवक्ता विक्रम सिंह ने ईव टीजिंग, मानसिक उत्पीड़न (बुलिंग) एवं महिला सुरक्षा से संबंधित भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं पर प्रकाश डालते हुए बताया कि किस प्रकार पीड़ित महिलाएं एवं छात्राएं त्वरित न्याय प्राप्त कर सकती हैं।

**सभी नागरिकों को आपदा प्रबंधन के प्रत्येक चरण के लिए तैयार रहना अत्यंत**

# युवा साथी ग्रुप की नारी शक्ति टीम ने दिया आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

रेडक्रॉस सोसायटी के सहयोग से युवा साथी ग्रुप हरियाणा, उड़ान जनसेवा ट्रस्ट ढाणी बाठोठा की नारी शक्ति टीम के लिए एक दिवसीय आपदा प्रबंधन बेसिक प्राथमिक सहायता एवं मॉक ड्रिल अभ्यास का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन प्राथमिक सहायता प्रवक्ता एवं ब्रिगेड ऑफिसर पवित्रा यादव ने किया। जिन्होंने आपदाओं से निपटने के लिए महिलाओं को महत्वपूर्ण कौशल प्रदान किए।

प्रशिक्षण के दौरान पवित्रा यादव ने आपदाओं के मुख्य प्रकारों मानवीय और प्राकृतिक पर प्रकाश डालते हुए विस्तार से बताया। उन्होंने आपदा से पूर्व की तैयारियों आपदा के दौरान बचाव के तरीकों और आपदा के बाद की स्थितियों में कैसे प्रभावी ढंग से प्रतिक्रिया दी जाए, इस पर विस्तृत जानकारी साझा की। प्रतिभागियों को सिखाया गया कि कैसे दुर्घटनाग्रस्त व्यक्तियों को तत्काल प्राथमिक उपचार देकर सुरक्षित रूप से अस्पताल पहुंचाया जा सकता है और आपदा के समय पीड़ित लोगों तक रोटी, कपड़ा व अन्य आवश्यक सामग्री पहुंचाने में प्रशासन का सहयोग किस प्रकार किया जा सकता है। इस प्रेरणादायक सत्र के उपरांत उपस्थित सभी युवा नारी शक्ति सदस्यों ने स्वैच्छिक रक्तदान करने और आपदा वीर के रूप में नामांकित होने का संकल्प लिया, जो उनकी सामुदायिक सेवा की भावना को दर्शाता है। पवित्रा यादव ने संस्था की महिला टीम को संबोधित करते हुए कहा कि जिला प्रशासन के निर्देशानुसार बच्चों सहित सभी नागरिकों को आपदा प्रबंधन के प्रत्येक चरण के लिए तैयार रहना अत्यंत आवश्यक है।



नारनौल। आपदा प्रबंधन पर प्रशिक्षण देते हुए। फोटो : हरिभूमि

### नारी शक्ति सदस्यों ने लिया भाग

संस्था की मार्गदर्शक प्रोफेसर गीता यादव ने इस पहल की सराहना करते हुए बताया कि जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सहयोग से युवा साथी ग्रुप उड़ान जनसेवा ट्रस्ट की महिला टीम को यह महत्वपूर्ण एक दिवसीय प्रशिक्षण प्रदान किया गया, जो उनकी क्षमताओं में वृद्धि करेगा। संस्था की सदस्य कुमकुम खांडा ने जानकारी दी कि इस आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण में संस्था की 30 समर्पित नारी शक्ति सदस्यों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और महत्वपूर्ण कौशल सीखे। संस्था की सदस्य निक्की सैन ने बताया कि आज युवा साथी ग्रुप हरियाणा, उड़ान जनसेवा ट्रस्ट व रेडक्रॉस सोसायटी की ओर से आयोजित आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण में भाग लेकर अत्यंत गौरवान्वित महसूस कर रही हैं। विशेष रूप से मॉक ड्रिल का अनुभव बेहद प्रभावशाली व शिक्षाप्रद रहा।

### यह रहे मौजूद

इस मौके पर पर युवा साथी ग्रुप हरियाणा उड़ान जनसेवा ट्रस्ट ढाणी बाठोठा के प्रधान टिंकू सैनी, अगेंद्र यादव, दितेन्द्र यादव, सत्यवीर सिंह, सीमा यादव, नीलम यादव, नितेश, अंजना, सुनीता कुमारी, आरती सैनी, अंशु, अनुराधा, स्नेह, महक, हिमांशी सोनी, दुर्गेश कुमारी, अनामिका, स्वाति, सरिता, मोनिका कुमारी, सुरेख, पायल, मोनिका, महक कुमारी आदि मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### हरियाणा बोर्ड 12वीं परिणाम मे मांडोला स्कूल अव्वल


छात्रा पूनम।

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा घोषित 12वीं कक्षा के परिणाम मे राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मांडोला का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। प्राचार्य रोहताश दुबट व प्रवक्ता रोशनलाल ने बताया कि विद्यालय के 12 विद्यार्थियों ने मेरिट में स्थान पाकर पूरे विद्यालय का गौरव बढ़ाया है।

### मोनिका शर्मा कनिष्ठ कार्यपालक नियुक्ति


मोनिका शर्मा।

**मंडी अटेली।** नगरपालिका वार्ड नंबर तीन निवासी मीडियाकर्मी विनोद शर्मा की बेटी मोनिका शर्मा ने अपनी मेहनत से भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण में कनिष्ठ कार्यपालक पद पर नियुक्ति पाकर अपने माता-पिता का नाम रोशन किया है। मोनिका ने महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक के अंतर्गत राजकीय महाविद्यालय अटेली से एमकॉम तक शिक्षा ग्रहण की है। मोनिका की उपलब्धि पर उनके पिता विनोद शर्मा और माता पुष्पा शर्मा ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि बेटी की इस सफलता से पूरा परिवार गौरवान्वित महसूस कर रहा है।

### गोली चलाने के मामले में दो आरोपित गिरफ्तार

**नारनौल।** नांगल चौधरी के गांव नांगल नूनिया में गोली चलाने के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना नांगल चौधरी पुलिस ने दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। जिनकी पहचान बूढ़वाल निवासी साहिल व मनोज के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपितों को राव तुलाराम चौक नांगल चौधरी से गिरफ्तार किया। आरोपितों को न्यायालय में पेश किया गया। जहां से आरोपित साहिल को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया और आरोपित मनोज को पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस ने पता लगाया कि वारदात को अंजाम देने में आरोपित मनोज की बाइक का प्रयोग हुआ था।

### सीजेएम ने किया नशा मुक्ति केंद्र का दौरा

**नारनौल।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी संजीव काजला ने मंगलवार को नागरिक अस्पताल में स्थित नशा मुक्ति केंद्र का निरीक्षण किया। इसके अलावा उन्होंने पुलिस लाइन में बने सेफ हाउस तथा वन स्टॉप सेंटर का भी दौरा किया। सीजेएम संजीव काजला ने निरीक्षण के दौरान नशा मुक्ति केंद्र में मौजूद मरीजों से हालचाल जाना, साथ ही उन्होंने नशे से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नशा जीवन को अंधकार की तरफ धकेल देता है। नशे से न सिर्फ स्वास्थ्य खराब होता है, बल्कि समाज में भी सामाजिक प्रतिष्ठा खराब होती है। ऐसे में हमें जीवन में कभी भी नशा नहीं करना चाहिए। इसके बाद उन्होंने पुलिस लाइन में सेफ हाउस व पुराने लघु सचिवालय में भूतल पर स्थित वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण कर साफ सफाई का जायजा लिया।

# हरियाणा सीईटीः चतुर्थ श्रेणी के अचयनित एससी उम्मीदवारों के लिए 13 मई से नए जाति प्रमाण पत्र अपलोड करना अनिवार्य, 16 मई अंतिम तिथि

- सरकार ने अनुसूचित जातियों को वंचित और अन्य श्रेणी में बांटा, भर्तियों में नए आरक्षण नियम लागू :
- हरिभूमि टीम ने चार मार्च को खबर प्रकाशित करके उम्मीदवारों की उठाई थी आवाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग ने सोमवार 12 मई को एक अहम नोटिस जारी करते हुए कॉमन एलिजिबिलिटी टेस्ट (सीईटी) 2023 में चतुर्थ श्रेणी के उन अनुसूचित जाति (एससी) के उम्मीदवारों के लिए जिनका चयन नहीं हो सका है नए नियमों के तहत अपने जाति प्रमाण पत्र पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश दिए है। यह प्रक्रिया 13 मई से शुरू होकर 16 मई तक चलेगी।

सरकार द्वारा अनुसूचित जातियों को दो श्रेणियों में विभाजित करने और उनके लिए आरक्षण का नया फार्मूला तय करने के बाद यह कदम उठाया गया है। तय समय में प्रमाण पत्र अपलोड न करने वाले उम्मीदवार मेरिट सूची से बाहर हो सकते है।

प्रदेश सरकार ने अनुसूचित जातियों को वंचित अनुसूचित जाति (डीएससी) और अन्य अनुसूचित जाति (ओएससी) नामक दो भागों में विभाजित किया है। इसी विभाजन के आधार पर इन जातियों के लिए सरकारी नौकरियों में आरक्षण के तहत रिक्तियां भी सुनिश्चित की गई है। एचएसएससी के निर्देशानुसार अचयनित एससी उम्मीदवारों को हरियाणा सरकार के नए नियमों के अनुरूप अपनी संबंधित श्रेणी (डीएससी या ओएससी) का नवीनतम जाति प्रमाण पत्र आधिकारिक पोर्टल पर अपलोड करना होगा।

## इन जातियों के लिए बनेंगे अलग-अलग सर्टिफिकेट

### वंचित अनुसूचित जाति

इस श्रेणी में वाल्मीकि, चूड़ा, भंगी, धानक, ओड, बाजीगर, मजहबी, मजहबी सिख, आद धर्मी, अहेरिया, अहेरी, हरी, हेरी, थोरी, तुरी, कोरी, कोलि, फरेरा, राय सिख, पासी, बटवाल, बरवाला, बौरिया, बावरिया, मेघ, मेघवाल, खटिक, कबीरपंथी, जुलाहा, सैंसी, भेडकूट, मनेश, डूमना, माशा, डूम, सिकलीगर, बारिया, सपेला, सपेरा, सिरकिबंद, डेहा, ढाया, डिया, नट, बडी, बंजारा, बंगाली, बारर, बुरार, बेरार, सनही, परना, गंडिला, गांडिल, गंडोला, ढोगरी, ढांगरी, सिग्गी, मरिजा, मारेचा, छनाल, दागी, डरेन, सनहल, गगरा, संसोई और सरेरा जातियां शामिल है।

### अन्य अनुसूचित जाति

इस श्रेणी में रेहगर, रैगर, रामदासी, रविदासी, बलाही, बटोई, भटोई, भांबी, चमार, जाटव, जाटवा, मोची, रामदासिया जातियां शामिल है।

### सरल पोर्टल पर उपलब्ध है सुविधा

सरल पोर्टल पर नागरिकों के लिए जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र जैसी विभिन्न सेवाएं पहले से ही उपलब्ध है। अब अनुसूचित जातियों के इस नए वर्गीकरण के बाद पोर्टल पर डीएससी और ओएससी सर्टिफिकेट बनवाने के लिए अलग-अलग विकल्प दिए गए है। इससे नागरिक अपनी निर्धारित श्रेणी के अनुसार आसानी से प्रमाण पत्र जारी करवा सकेंगे।

### भर्तियों में आरक्षण का नया प्रावधान

नई व्यवस्था के तहत यदि भर्तियों के दौरान वंचित अनुसूचित जाति के उपयुक्त उम्मीदवार उपलब्ध नहीं होते है, तो शेष रिक्त पदों पर अन्य अनुसूचित जाति के उपयुक्त उम्मीदवारों की नियुक्ति पर विचार किया जाएगा। इसी प्रकार कुल बीस प्रतिशत एससी कोटे का आधा हिस्सा अन्य अनुसूचित जाति के उम्मीदवारों के लिए आरक्षित होगा। यदि इस कोटे में अन्य अनुसूचित जाति के उपयुक्त उम्मीदवार नहीं मिलते है, तो शेष रिक्त पदों को भरने के लिए वंचित अनुसूचित जाति के उम्मीदवारों की नियुक्ति पर विचार किया जाएगा।

## तैयारी को लेकर डीसी ने किया स्टेडियम का निरीक्षण

# मुख्यमंत्री महेंद्रगढ़ में 18 को करेंगे रैली, कई सौगात मिलने की उम्मीद

विधायक कंवर सिंह यादव ने दी जानकारी रैली को सफल बनाने के लिए सभी भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

भाजपा की ओर से आगामी 18 मई को कॉलेज ग्राउंड में एक भव्य धन्यवाद रैली का आयोजन किया जाएगा। इस रैली में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्यातिथि के तौर पर शिरकत करेंगे। कार्यक्रम के माध्यम से मुख्यमंत्री न केवल जनता का आभार प्रकट करेंगे, बल्कि क्षेत्र को कई नई सौगातें भी देंगे। यह जानकारी विधायक कंवर सिंह यादव ने मंगलवार को एक निजी होटल में पत्रकारवार्ता के दौरान कही।

विधायक कंवर सिंह यादव ने बताया कि रैली की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं और क्षेत्र में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री ने चुनाव प्रचार के दौरान क्षेत्रवासियों से वादा किया था कि प्रदेश में लगातार तीसरी बार सरकार बनाने पर आमजन का धन्यवाद करने स्वयं आएंगे, जिसे अब निभाने आ रहे हैं। रैली को सफल बनाने के लिए सभी भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंप दी गई हैं, ताकि आम जनता के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा सकें। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री कई पूर्ण हो चुकी विकास योजनाओं का उद्घाटन करेंगे और साथ ही नई परियोजनाओं का शिलान्यास भी करेंगे। इस ऐतिहासिक रैली में महेंद्रगढ़ क्षेत्र को कई नई सौगातें मिलने की उम्मीद है। रैली में भाजपा सांसद चौधरी धर्मवीर सिंह, राज्यसभा सदस्य किरण चौधरी, सिंचाई मंत्री श्रुति चौधरी, स्वास्थ्य मंत्री आरती राव सहित अनेक वरिष्ठ नेता और मंत्री शामिल होंगे। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष यतेंद्र राव, किसान मोर्चा अध्यक्ष पवन खैरवाल, सह संयोजक सुधीर दीवान सहित आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।


महेंद्रगढ़। तैयारियों का जायजा लेते डीसी डॉ. विवेक भारती व विधायक कंवर सिंह यादव। फोटो : हरिभूमि

### विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे सीएम

महेंद्रगढ़। राज्य के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी आगामी 18 मई को महेंद्रगढ़ खेल स्टेडियम में धन्यवाद कार्यक्रम में मुख्यातिथि के तौर पर शिरकत करेंगे। इसी कार्यक्रम की तैयारी को लेकर मंगलवार को उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। इस मौके पर विधायक कंवर सिंह यादव भी मौजूद थे। डीसी ने बताया कि मुख्यमंत्री 18 मई को कार्यक्रम स्थल पर ही जिले की विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन तथा शिलान्यास भी करेंगे। इसके लिए विभिन्न विभाग अपने प्रोजेक्ट की तैयारी में लगे हुए हैं। कार्यक्रम स्थल पर चल रही तैयारी के संबंध में उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यक्रम स्थल के आसपास विशेष सफाई अभियान चलाया जाए।

### सभी व्यवस्था हो

उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस कार्यक्रम के दौरान पेयजल की उचित व्यवस्था होनी चाहिए। वहीं पर्याप्त मात्रा में शौचालय की भी व्यवस्था होनी चाहिए ताकि आम नागरिकों को किसी भी प्रकार की परेशानी ना हो। उन्होंने इस कार्यक्रम के लिए वाहन पार्किंग स्थल का भी निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर अधिकारी अभी से तैयारी में जुट जाएं। इस मौके पर सीटीएम मंजीत कुमार, एसडीएम मनोज कुमार, सिविल सर्जन डॉ. अशोक, डीएसपी हरदीप, नायब तहसीलदार निशा के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी भी मौजूद थे।

## टैगोर स्कूल का 10वीं व 12वीं कक्षा का परिणाम रहा सराहनीय



**महेंद्रगढ़।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा मंगलवार को 10वीं व 12वीं कक्षा का परिणाम घोषित किया गया। विद्यालय मीडिया प्रभारी मनीष यादव ने बताया कि घोषित परिणाम में टैगोर स्कूल के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करके एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। सीईओ डॉ. निशा यादव ने बताया की घोषित परिणाम में 12वीं कक्षा परिणाम में विद्यालय की छात्रा मनस्वी भारद्वाज ने कला संकाय में 97.6 अंक प्राप्त करके पहला स्थान प्राप्त किया, जिसमें साइकोलॉजी में 100 व सोशलॉजी में 100 अंक प्राप्त किए व 90 प्रतिशत से अधिक 153 विद्यार्थियों ने अंक प्राप्त किए। इसके अलावा केमिस्ट्री में 100 में से 99 अंक, फिजिक्स में 100 में से 98 अंक व जियोग्राफी में 100 में 99 अंक प्राप्त किए। इसके साथ कक्षा 12वीं का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। दूसरी ओर घोषित 10वीं कक्षा के परिणाम में निकिता ने 97.0 प्रतिशत अंक प्राप्त करके प्रथम स्थान प्राप्त किया व 90 प्रतिशत से अधिक 179 विद्यार्थियों ने अंक प्राप्त किए। इसके अलावा मैथमेटिक्स में 100 में से 100 अंक, साइंस में 100 में से 99 अंक प्राप्त किए, कक्षा 10वीं का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। संस्थापक डॉ. बीएल यादव ने बताया कि इन छात्रों ने यह मुकाम दिन-रात मेहनत करके पाई है। यह विद्यार्थी सोशल मीडिया से दूर रहकर हमेशा पढ़ाई पर ध्यान देते थे। इन विद्यार्थियों से अन्य विद्यार्थियों ने आगे बढ़ने की प्रेरणा लेनी चाहिए।

## राव सुल्तान स्कूल के विद्यार्थियों ने परीक्षा परिणाम में लहराया परचम



**महेंद्रगढ़।** राव सुल्तान सिंह सीनियर सेकेंडरी स्कूल निम्बहेड़ा के विद्यार्थियों ने हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित कक्षा 12वीं की परीक्षा परिणाम में शानदार प्रदर्शन किया हैं। संस्था प्राचार्य राजकुमार शर्मा ने बताया कि विद्यालय का परीक्षा परिणाम 95 प्रतिशत रहा, जिसमें अनिशु पुत्री रामपाल निम्बहेड़ा ने 93 प्रतिशत के साथ प्रथम व मोहित पुत्र सोमवीर बलायचा ने 90 प्रतिशत के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया हैं। संस्था निदेशक एडवोकेट सतपाल यादव ने विद्यार्थियों, अध्यापकों व सभी अभिभावकों को बधाई देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## बोर्ड परीक्षा में ओएसिस स्कूल का प्रदर्शन सराहनीय



**नारनौल।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से घोषित परीक्षा परिणाम में ओएसिस इंटरनेशनल स्कूल का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। खुशी सैनी पुत्री हरिकिशन नारनौल ने 97 .2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। इसके अलावा मानशी पुत्री महावीर रघुनाथपुरा ने 94 .8 प्रतिशत, मोहित पुत्र बलबीर नांगल सिरोही ने 94 .4 अंक लेकर दूसरा, तीसरा स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के 110 बच्चों में से 68 बच्चों ने 80 प्रतिशत से अधिक, 22 बच्चों ने 90 प्रतिशत से ज्यादा अंक हासिल किए। वहीं स्कूल का दसवीं कक्षा का परिणाम भी शत प्रतिशत रहा। जिसमें वंशिका पुत्री रमेश कुमार कोरियावास ने 96 .6 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। निशांत पुत्र अमित जाखनी ने 96 प्रतिशत, तमन्ना पुत्री अनिल कुमार नांगल काठा ने 95 .6 प्रतिशत लेकर दूसरा व तीसरा स्थान प्राप्त किया। कुल 119 बच्चों में से 76 बच्चों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक, 18 बच्चों ने 90 प्रतिशत से अधिक, छह बच्चों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए।

## यदुवंशी थनवास ने सीबीएसई रिजल्ट में बाजी मारी

**नारनौल।** यदुवंशी शिक्षा निकेतन थनवास के छात्रों ने सीबीएसई रिजल्ट में श्रेष्ठ स्थान प्राप्त किया। कक्षा 12वीं के रिजल्ट में जैकी ने 97 प्रतिशत, आरजू ने 94, रिया ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इसी प्रकार कक्षा 10वीं में सिद्धार्थ ने 96 प्रतिशत, राव भौमिक 90, समीर ने 89 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इस दौरान विद्यालय में जश्न का माहौल रहा। यदुवंशी ग्रुप के चेयरमैन राव बहादुर सिंह ने सभी विद्यार्थियों व अध्यापकों को श्रेष्ठ रिजल्ट के लिए बधाई दी। डायरेक्टर सुनिता यादव ने भी सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रधानाचार्य सुनील यादव ने कहा कि यदुवंशी थनवास का रिजल्ट हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रेष्ठ रहा।

## एचपीएस की हिमानी ने 98.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल


सीबीएसई बोर्ड की ओर से मंगलवार को घोषित कक्षा 12वीं व 10वीं के परीक्षा परिणाम में नांगल चौधरी रोड स्थित हरियाणा पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने एक बार फिर से अपना परचम लहराते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। अपने परिणाम देखने के बाद विद्यार्थियों के चेहरों पर खुशी की लहर थी। बच्चों ने एक दूसरे का मुंह मीठा करवा गले मिलकर एक दूसरे को बधाई दी। विद्यालय डीन मनोज भारद्वाज व प्राचार्य सुनील यादव ने बताया कि विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। कक्षा बारहवीं में 27 बच्चों ने स्टेट मेरिट में स्थान बनाया तथा अन्य सभी विद्यार्थियों ने अच्छे अंक प्राप्त कर बाजी मारी। आर्ट्स संकाय से छात्रा हिमानी पुत्री मोहन सागर 98.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर ओवरऑल टॉपर रही। इसके साथ ही नॉन मेडिकल संकाय से आरजू यादव पुत्री नरेन्द्र यादव, मेडिकल से खुशी गर्ग पुत्री डॉ. मनोज गर्ग, कॉमर्स संकाय में प्रिया पुत्री सुनील कुमार, कला संकाय में हिमानी पुत्री मोहन सागर ने अपने विषय में सर्वाधिक अंक हासिल कर विद्यालय में टॉप पोजिशन पर रहे। विषयवार अंकों में राजनीतिक विज्ञान में 98, ज्योग्राफी में 99, म्यूजिक में 99, हिन्दी में 98, शारीरिक शिक्षा में 97, अंग्रेजी में 94, गणित में 95, कैमिस्ट्री में 95 तथा इकोनोमिक्स में 96 सर्वाधिक अंक रहे।


नारनौल। एचपीएस स्कूल के विद्यार्थी व स्टाफ। फोटो : हरिभूमि

### शत प्रतिशत रिजल्ट

वहीं कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणाम में भी विद्यार्थियों ने शत प्रतिशत प्रदर्शन करते हुए अपनी सफलता का डंका बजवाया। विद्यालय के 25 विद्यार्थियों ने स्टेट मेरिट में स्थान बनाकर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय का छात्र प्रताप शर्मा पुत्र पवन शर्मा, रिद्धी पुत्री सुनील 97.2 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान पर अपनी उपस्थिती दर्ज करवाई। खुशबू पुत्री भूपसिंह तथा पलक पुत्री अक्षय 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान पर रहे। कृष पुत्र दीपक कुमार ने 94 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। विषयवार अंकों में गणित में 100, हिन्दी में 100, सामाजिक विज्ञान में 98, अंग्रेजी में 98, साइंस में 97 सर्वाधिक अंक रहे।

## बीएनडी स्कूल खातोदड़ा ने लहराया परचम


महेंद्रगढ़। विजय चिह्न बनाकर खुशी जाहिर करते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

- छात्रों की कठिन मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं अभिभावकों के सहयोग का परिणाम–विजयपाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

बीएनडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल खातोदड़ा के विद्यार्थियों ने हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा घोषित 12वीं के परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय के कुल 93 विद्यार्थियों में से 48 विद्यार्थियों ने राज्य स्तरीय मेरिट सूची में तथा 76 विद्यार्थियों ने जिला स्तरीय मेरिट सूची में स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया हैं। कला संकाय में वंशिका पुत्री ईश्वर शर्मा गांव बलायचा ने 95 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम, प्रिया पुत्री कप्तान गांव बलाना ने 93.6 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय एवं भावना पुत्री राजेश गांव ढाढोत ने 92.2 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। विज्ञान संकाय में सुमंत पुत्र सुरेंद्र गांव खातोदड़ा ने 93 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम, साहिल पुत्र धर्मवीर गांव खातोदड़ा ने 92.8 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय एवं मनीष पुत्री मैनपाल गांव कुराहवटा ने 91.4 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। चेयरमैन विजयपाल यादव ने कहा कि यह उपलब्धि छात्रों की कठिन मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है।

**देश प्रेम** | राष्ट्रीय सेवा में भाग लेने और आपातकालीन स्थितियों में भूमिका निभाने के लिए पहल

# देश सेवा का जज्बा रखने वाले युवा माई भारत पोर्टल पर पंजीकरण कराएं

जिला युवा अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं इच्छुक युवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

माई भारत, युवा कार्य व खेल मंत्रालय भारत सरकार सक्रिय रूप से देश भर के युवाओं को माई भारत नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों के रूप में नामांकन करने के लिए प्रेरित कर रहा है। यह राष्ट्रव्यापी आह्वान युवाओं को राष्ट्रीय सेवा में भाग लेने और आपातकालीन एवं संकट की स्थितियों में अहम भूमिका निभाने के लिए सशक्त बनाने की एक ठोस पहल है। जिला युवा अधिकारी नित्यानंद यादव ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य एक प्रशिक्षितए तत्पर और सक्षम स्वयंसेवक बल का निर्माण करना है, जो प्राकृतिक आपदाओं, दुर्घटनाओं, सार्वजनिक आपात स्थितियों व अन्य अप्रत्याशित परिस्थितियों में नागरिक प्रशासन की सहायता कर सकें। वर्तमान परिस्थितियों और उभरती सुरक्षा चुनौतियों को देखते हुए एक मजबूत और समुदाय आधारित प्रतिक्रिया तंत्र स्थापित करने की तत्काल आवश्यकता है।

उन्होंने बताया कि नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक की एक विस्तृत श्रृंखला के माध्यम से स्थानीय प्रशासन का समर्थन करके इस संबंध में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इनमें बचाव और निकासी अभियान, प्राथमिक चिकित्सा और आपातकालीन देखभाल, यातायात प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण, सार्वजनिक सुरक्षा व आपदा प्रतिक्रिया और पुनर्वास कार्यों में सहायता शामिल है। एक तैयार और प्रशिक्षित नागरिक बल का महत्व पहले से कहीं अधिक है तथा माई भारत इस राष्ट्रीय मिशन में अपना पूर्ण योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध है। इसलिए माई भारत अपने सक्रिय स्वयंसेवक नेटवर्क और अन्य उत्साही युवाओं से अपील करता है कि वे आगे आएं और माई भारत नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक के रूप में पंजीकरण करें। इस पहल में माई भारत के वर्तमान स्वयंसेवक और वे सभी युवा शामिल हो सकते हैं जो इस रूप में राष्ट्र सेवा करना चाहते हैं। यह पहल युवाओं में अनुशासन की भावना को मजबूत करती है तथा उन्हें महत्वपूर्ण परिस्थितियों में कार्य के लिए कौशल प्रदान करती है।

### पंजीकरण की प्रक्रिया सरल पोर्टल पर होगी

पंजीकरण की प्रक्रिया सरल और माई भारत के आधिकारिक पोर्टल माई भारत पोर्टल पर उपलब्ध है। यह युवाओं से आगे आने और राष्ट्रीय उद्देश्य के लिए सभी इच्छुक युवाओं को संगठित करने का आह्वान है। इस संबंध में अन्य किसी जानकारी के लिए नेहरू युवा केंद्र के जिला युवा अधिकारी नित्यानंद यादव के मोबाइल नंबर 8979959509 पर संपर्क कर सकते हैं।